आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 20°C |

इनसाइड न्यूज

स्टाम्प-निबंधन विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए चला रहा विशेष...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 13 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 150 | www.janexpresslive.com/epaper

ऊर्जा संकट पर बहस: राहुल गांधी ने संसद... 12

# तनाव के बीच भारत का कूटनीतिक कदम

## क्या ईरान ने भारतीय जहाजों को जाने की इजाजत दी, विदेश मंत्रालय बोला, 3 बार बात हुई, पर अभी ज्यादा कहना जल्दबाजी होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरा

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 13वां दिन मिडिल-ईस्ट में जारी इस संघर्ष के बीच भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल की बातचीत में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रेस ब्रीफिंग में यह भी पूछा गया कि क्या ईरान ने भारत जाने वाले जहाजों को अनुमति दी है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे।




### जायसवाल के बयान की 4 अहम बातें...

- **ईरान में फंसे भारतीयों की मदद कर रही सरकार-** एमईए के मुताबिक ईरान में मौजूद भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए सरकार मदद कर रही है। अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते लौटने वालों को वीजा और सीमा पार कराने में सहायता दी जा रही है।
- **ईरान में करीब 9 हजार भारतीय नागरिक-** विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान में करीब 9 हजार भारतीय हैं। इनमें छात्र, नाविक, कारोबारी, पेशेवर और तीर्थयात्री शामिल हैं।
- **पीएम मोदी ने खाड़ी देशों के नेताओं से की बात-** प्रधानमंत्री मोदी ने खाड़ी देशों के नेताओं से बातचीत में जल्द शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति पर जोर दिया।
- **नागरिकों की सुरक्षा पर भारत का जोर-** भारत ने संघर्ष में आम लोगों को नुकसान से बचाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया।

### यूएन में भारत समेत 135 देशों ने खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जीसीसी (गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल) के प्रस्ताव का भी समर्थन किया है। इस प्रस्ताव के साथ अब तक 135 देश जुड़ चुके हैं। यह प्रस्ताव खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हमलों को लेकर लाया गया है। इसका मुख्य मकसद इलाके में हालात को और बिगड़ने से रोकना, जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित रखना और ऊर्जा सप्लाई को बाधित होने से बचाना है। प्रस्ताव में कहा गया है कि ईरान के ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं और इनसे वैश्विक शांति को गंभीर खतरा है। इसमें इस बात पर भी चिंता जताई गई कि हमलों में रिहायशी इलाकों और आम नागरिकों को निशाना बनाया गया, जिससे जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 13 देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। किसी भी देश ने इसके विरोध में वोट नहीं किया। हालांकि, रूस और चीन ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया और वे इससे दूर रहे। इस समय अमेरिका सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।

### कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक

कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार सुबह कई ड्रोन से हमला हुआ। यह जानकारी देश के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने दी। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक जारी बयान में कहा गया है कि इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण फिलहाल कुवैत का हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया है। हवाई अड्डे पर पहले ही कॉमर्शियल उड़ानों को रोक दिया गया था और देश का एयरस्पेस भी बंद है। यह घोषणा ऐसे समय आई है जब ईरान ने क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति से जुड़े ठिकानों पर जवाबी हमलों की नई लहर शुरू की है। इराकी समुद्री क्षेत्र में दो विदेशी तेल टैंकरों पर भी हमले किए गए हैं। वहीं ओमान में ईंधन भंडारण टैंकों में लगी आग को बुझाने के लिए आपातकालीन टीमें काम कर रही हैं।

▶ संबंधित खबर पेज 12 पर

### रूस ने अमेरिका-इजराइल से ईरान पर हमले रोकने की अपील की

रूस ने अमेरिका और इजराइल से ईरान पर जारी हमले रोकने और बातचीत के रास्ते पर लौटने की अपील की है। रूस का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ता संघर्ष गंभीर चिंता का विषय बन गया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने कहा कि मॉस्को दोनों देशों से हमले रोकने और कूटनीतिक बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह कर रहा है।

### ईरान में 32 लाख लोग घर छोड़ने पर मजबूर हुए

संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के अनुसार अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण अब तक करीब 32 लाख लोग ईरान के भीतर ही विस्थापित हो चुके हैं। एजेंसी ने कहा कि यह आंकड़ा देशभर में विस्थापित परिवारों के शुरुआती आकलन के आधार पर तैयार किया गया है। एजेंसी के मुताबिक अगर संघर्ष जारी रहा तो विस्थापित लोगों की संख्या और बढ़ सकती है, जिससे मानवीय संकट और गहरा जाएगा।

### ईरान बोला, किसी भी द्वीप पर हमला किया तो करारा जवाब देंगे

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के किसी भी द्वीप पर हमला करने की कोशिश हुई, तो उसका बहुत कड़ा जवाब दिया जाएगा। गालिबाफ ने एक्स पर लिखा कि ईरानी द्वीपों पर किसी भी तरह का हमला हुआ तो सारी सीमाएं खत्म हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में ईरान किसी भी तरह की बंदिश नहीं मानेगा और फारस की खाड़ी में हमलावरों के खिलाफ पूरी ताकत से जवाब देगा।

### भारत ने अयातुल्ला अली खामेनेई को औपचारिक श्रद्धांजलि दी

विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे। जायसवाल ने कहा कि शोक-पुस्तिका खुलने के पहले ही दिन विदेश सचिव ने भारत सरकार की ओर से यह औपचारिकता पूरी की थी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से पहले लोगों को जरूरी तथ्यों की जानकारी लेनी चाहिए। बिना जानकारी के की गई टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों ने तीन बार बातचीत की

भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हुई है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्री अपने ईरानी विदेशमंत्री के साथ लगातार संपर्क में हैं। जायसवाल ने कहा कि युद्ध का असर हर जगह दिखाई दे रहा है और इससे कई देशों के लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष का असर केवल एक देश तक सीमित नहीं है।

### भारत बोला, बातचीत और कूटनीति से शांति बहाल हो

ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी देशों के कई नेताओं से बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने संवाद और कूटनीति के जरिए जल्द शांति बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बातचीत में नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक खाड़ी सहयोग परिषद देशों में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है, इसलिए उनकी सुरक्षा और कल्याण भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही सरकार: विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही है। जो भारतीय अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वीजा दिलाने और जमीन के रास्ते सीमा पार कराने में भी सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद थे या अभी भी हैं। इनमें छात्र, नाविक (सीफेरर्स), कारोबारी, पेशेवर लोग और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं। जायसवाल ने कहा कि कई भारतीय नागरिक, खासकर छात्र, देश छोड़कर वापस भारत पहुंच चुके हैं। वहीं तेहरान में रहने वाले कई भारतीयों, जिनमें छात्र और तीर्थयात्री भी शामिल हैं, को एहतियात के तौर पर देश के दूसरे सुरक्षित शहरों में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जो भारतीय नागरिक अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते लौटना चाहते हैं, उन्हें वीजा और जमीन के रास्ते सीमा पार करने में मदद दी जा रही है। कई भारतीयों को इस तरह अजरबैजान और आर्मेनिया पहुंचने में मदद की गई है, जहां से वे कमर्शियल फ्लाइट लेकर भारत लौट रहे हैं। रणधीर जायसवाल ने यह भी सलाह दी कि जो भारतीय नागरिक जमीन के रास्ते ईरान छोड़ना चाहते हैं, वे भारतीय दूतावास की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें।

# 'ईंधन की कोई कमी नहीं, रिफाइनरियां काम कर रहीं'



- हरदीप पुरी ने अपने बयान में कहा, 'होर्मुज से 20 प्रतिशत आवाजाही प्रभावित हुई है, 40 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देश से आ रहा हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पश्चिम एशिया संकट के बाद देश में गैस की किल्लत के मुद्दे पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के ऊर्जा इतिहास में शायद ही कभी ऐसा समय आया हो जैसा अभी पश्चिम एशिया के संकट के कारण देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति के लिए बेहद गंभीर मानी जा रही है। लोकसभा में मंत्री कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता यह है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों की रसोई में किसी भी प्रकार की (ईंधन की) कमी न हो।

### 'होर्मुज से 20 प्रतिशत आवाजाही प्रभावित'

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने अपने बयान में कहा, 'होर्मुज से 20 प्रतिशत आवाजाही प्रभावित हुई है, 40 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देश से आ रहा हैं। उन्होंने इस दौरान कहा कि हमारे पास पर्याप्त कच्चा तेल है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि भारत की क्रूड सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और भारत में पेट्रोल-डीजल की किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं, देश में अभी पर्याप्त गैस है। गैस की किल्लत को लेकर अफवाहों के बीच केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीएनजी की सप्लाई 100 प्रतिशत जारी है, भारत में एलएनजी के कार्गो रोज आ रहे हैं। गैस सिलेंडर को लेकर किसी भी तरह से पैनिक होने की जरूरत नहीं है, पैनिक होने की वजह से डिमांड बढ़ी है।

### 'संकट से निकटने को लेकर पूरी तरह से तैयार'

इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि देश में एलपीजी का उत्पादन 28 फीसदी बढ़ा है और देश लंबे समय तक इस संकट से निकटने को लेकर पूरी तरह से तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री ने आगे कहा कि भारत अभी भी कनाडा, नार्वे और रूस से तेल ले रहा है और हमने गैस की कालाबाजारी को रोकने के निर्देश जारी किए है।

### 'पहली बार लगभग बंद हुआ होर्मुज जलडमरूमध्य'

मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। उनके अनुसार, दर्ज इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि यह समुद्री रास्ता व्यावसायिक जहाजों के लिए प्रभावी रूप से बंद जैसा हो गया है। यह वही मार्ग है जिससे दुनिया के बड़े हिस्से तक कच्चा तेल पहुंचता है।

### संकट में सावधानी से आगे बढ़ना होगा- केंद्रीय मंत्री

हरदीप पुरी ने संसद में कहा कि भारत इस संघर्ष का कारण नहीं है, लेकिन इसके असर से बच पाना भी संभव नहीं है। ऐसे हालात में भारत सरकार को ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों और देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लगातार स्थिति पर नजर रख रही है और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं ताकि आम लोगों पर इसका असर कम से कम पड़े।

# हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्लांट में प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या, हमलावर ने कई गोलियां मारी

जन एक्सप्रेस। बदायूं

बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट के मुख्य प्रबंधक परियोजना और उप प्रबंधक की हत्या कर दी गई। कार सवार हमलावर बृहस्पतिवार दोपहर प्लांट में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद कार से ही भाग गया। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के नोएडा निवासी प्लांट के मुख्य प्रबंधक परियोजना सुधीर गुप्ता (55) और बरेली के रहने वाले उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा (40) पर ऑटोमैटिक गन से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। बताया जा रहा है कि दो से तीन गोलियां दोनों को मारी गई हैं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिले अखिलेश यादव, बोले, नकली संतों का अंत होने जा रहा है



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि हम यहां पर आशीर्वाद लेने के लिए आए थे क्योंकि असली संतों से मिलने से नकली संतों का अंत होने जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा के लोग हर अच्छी बात का विरोध करते हैं। जब हमारी सरकार थी तो हमने डेयरी बनवाई थी जिससे गरीबों का लाभ हो और गायों की भी देखभाल हो लेकिन भाजपा के लोग हर अच्छी बात का विरोध करते हैं। सपा की सरकार में पहला काऊ मिल्क प्लांट लगाया गया था जिसे भाजपा की सरकार ने बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि हम पहले भी गाय की भलाई के लिए काम कर रहे थे आगे भी फैसले करेंगे।

### डिप्टी सीएम को डांटकर बाहर निकाल दिया

अखिलेश यादव ने प्रदेश के डिप्टी सीएम को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा की बैठक से दोनों डिप्टी सीएम को डांटकर बाहर कर दिया गया। बताया गया कि वहां पर टिकट को लेकर चर्चा होने वाली थी पर ये लोग तो शायद जहां से लड़ें वहां जीते ही न।

### एलपीजी संकट के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार

अखिलेश यादव ने कहा कि भारत सरकार के गलत फैसले के कारण लोगों को एलपीजी संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को घरों में चूल्हे और भट्ठी जलाना पड़ रहा है। हालत ये है कि मुख्यमंत्री के अपने जनपद में एलपीजी को लेकर मारामारी हो रही है। लोग गैस के लिए लड़ रहे हैं। इन लोगों में थोड़ा मुख्यमंत्री जी का प्रभाव आ गया है यही कारण है कि वो लाइन में भी नहीं लग पा रहे हैं और आपस में लड़ रहे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में राष्ट्रपति दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

- मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। उन्होंने श्रीराम मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। यहां से निकल कर मुख्यमंत्री श्रीराम मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए। आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री ने संतों से भी की मुलाकात, पूछा कुशलक्षेम

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभानु पासवान, अमित सिंह चौहान, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का रखा जाए विशेष ध्यान

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें एयरपोर्ट पर स्वागत, यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अतिथियों के लिए आवश्यक प्रबंध शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# ईरान के नाम पर छाती पीटी तो कर देंगे बढ़िया वाला इलाज, संभल सीओ कुलदीप सिंह का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। संभल

कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को अलविदा जुमे से पहले सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार और सीओ कुलदीप कुमार ने पीस कमेटी के साथ बैठक की। इसमें लोगों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी गई। कहा गया कि सड़क पर नमाज अदा की तो जेल भेज दिया जाएगा। असमोली के सीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि ईरान-इस्राइल के बीच जो झगड़ा हो रहा है, उससे यहां के कुछ लोगों को खुजली हो रही है। यदि इतनी ही दिक्कत हो रही है तो जहाज ईरान जाकर भारतीयों को ला रहे हैं तो उसमें बैठकर चले जाओ और ईरान की ओर से लड़ों। लेकिन दो देशों के बीच चल रहे झगड़े का हमारे देश की कानून व्यवस्था पर असर पड़ा तो फिर हम बढ़िया वाला इलाज करेंगे। कहा कि अलविदा हो या जुमा की नमाज, किसी भी देश के विरोध में कोई पट्टी, स्लोगन या नारा नहीं होना चाहिए। हम हिंदुस्तानी हैं और सुकून से रहे हैं। जहां विवाद चल रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं, वहां के देश जानें और सुलझा लें।

# मसूरी के नाहल से छह लोग देश विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार गांव में भारी पुलिसबल तैनात, आईबी से मिला इनपुट



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पुलिस, एटीएस और आईबी की टीम ने गुरुवार को गाजियाबाद के मसूरी स्थित नाहल गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया। इन पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए लोगों में शावेज (20), जुनैद (23), फरदीन (22), इकराम (36), फजलू (48) और जावेद (45) शामिल हैं।

### भारी पुलिस बल तैनात

लोनी में यूट्यूबर सलीम स्वास्तिक पर हुए हमले के बाद पुलिस की चौकसी बढ़ाई गई थी। इसी दौरान पता चला कि नाहल के ये छह व्यक्ति देश विरोधी भड़काऊ जानकारी फैला रहे थे। आरोपियों से मसूरी थाने में गहन पूछताछ की जा रही है। गांव में भी भारी पुलिसबल तैनात किया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। अधिकारियों के स्तर पर इस पूरे मामले की निगरानी की जा रही है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। उनकी कॉल जानकारी पर भी पुलिस की टीम काम कर रही है। आईबी को यह इनपुट मिला है कि ये लोग लोनी के सलीम वास्तिक पर हमला करने वालों के संपर्क में थे।

### देश विरोधी गतिविधियों के आरोप

आरोप है कि गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्ति देश विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। ये लोग इंटरनेट और अन्य माध्यमों से देश विरोधी भड़काऊ जानकारी प्रसारित कर रहे थे। उन्होंने अपना एक अलग समूह भी बनाया हुआ था। इस समूह के माध्यम से वे अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। लोनी में हुए हमले के बाद बढ़ी चौकसी ने इन लोगों का भंडाफोड़ किया।

### जांच और सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। आरोपियों से मसूरी थाने में पूछताछ जारी है, जिसमें और खुलासे होने की उम्मीद है। गांव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। अधिकारियों द्वारा मामले की लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस टीम आरोपियों की कॉल जानकारी और आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है ताकि उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# मुश्किल में घिरे जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, जारी हुआ गैर जमानती वारंट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला मुश्किल में घिरते नजर आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) स्कैम मामले में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। श्रीनगर की एक अदालत ने गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित जेकेसीए घोटाले मामले में फारूक अब्दुल्ला को झटका दिया। फारूक 2001 और 2011 के बीच जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष थे। यह कथित घोटाला 2012 में तब सामने आया जब जेकेसीए के कोषाध्यक्ष मंजूर वजीर ने उस समय के महासचिव मोहम्मद सलीम खान और पूर्व कोषाध्यक्ष अहसान मिर्जा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अब आगे की कार्रवाई के लिए 30 मार्च को फिर से केस की सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान अब्दुल्ला अदालत के सामने पेश नहीं हुए और खबर है कि वे जम्मू में थे। उनके वकील ने कार्यवाही में शामिल होने में उनकी असमर्थता का हवाला देते हुए निजी तौर पर पेशी से छूट की अर्जी दी।

# जिलाधिकारी ने किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय संप्रेषण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा गुरुवार को जनपद स्थित किशोर न्याय बोर्ड एवं राजकीय संप्रेषण गृह का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास, शिक्षा, खेलकूद और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजकीय संप्रेषण गृह परिसर के संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता से जानकारी प्राप्त की। परिसर के किराए पर संचालित होने की सूचना पर उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान परिसर में ही बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बास्केटबॉल, स्केटिंग एवं बैडमिंटन खेलने के लिए लाइनिंग सुनिश्चित कराई जाए।

उन्होंने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से आत्मीय संवाद किया। साथ ही बच्चों के गृह जनपद, पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली। बच्चों द्वारा बताया गया कि उन्हें मीनू के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण नाश्ता एवं भोजन प्राप्त हो रहा है।

जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, अतीत में जो हुआ उसे पीछे छोड़कर भविष्य निर्माण पर ध्यान दें। अभी आपके पास करियर बनाने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने बच्चों को योग और खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

शिक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों से विषयवार चर्चा की। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए कैंपस में प्रतिदिन एक हिंदी एवं एक अंग्रेजी समाचार पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सामान्य ज्ञान के अध्यापक को निर्देशित किया गया कि वे समाचार पत्रों के माध्यम से बच्चों को समसामयिक विषयों से अवगत कराएं।

उन्होंने सी.सी.टी.वी. कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि सभी कैमरे हमेशा चालू रहना चाहिए और सुरक्षा की दृष्टि से उन पर जाली लगवाई जाए। स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि आगामी 15 दिवस के भीतर स्टोर रूम की समुचित सफाई एवं व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

बच्चों ने जिलाधिकारी को पेंटिंग एवं पेपर से निर्मित पुष्प भेंट किए, जिसकी उन्होंने बच्चों की सराहना की करते हुए उत्साहित किया और कहा कि बच्चों में रचनात्मक कौशल का विकास सराहनीय है।

# पुलिस ने चोरी की घटना के 24 घण्टे के अन्दर चोर को ढूंढ किया घटना का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 12 मार्च को थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा थाना नरैनी क्षेत्रान्तर्गत बरसडामानपुर में घर का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि थाना नरैना क्षेत्र के बरसडामानपुर में पप्पू पुत्र रामसेवक के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा सोने के जेवरात चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था।जिसके सम्बन्ध में थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत किया गया कर अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था।इसी क्रम में थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों,वैज्ञानिक व तकनिकी साक्ष्यों का प्रयोग कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर 24 घण्टे के अन्दर लहुटेरा के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि दिनांक 11 मार्च को थाना नरैनी क्षेत्रान्तर्गत बरसडामानपुर में घर का ताला तोड़कर चोरी की, दिनांक 01 अप्रैल 2025 को थाना अतर्रा क्षेत्र मोहल्ला राजनगर प्रहलाद सिंह के पुरवा में चोरी की तथा दिनांक 04 अगस्त 2025 को थाना अतर्रा क्षेत्र बजरंग नगर कस्बे में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत है।अभियुक्त के कब्जे से चोरी के जेवरात व नकद 03 हजार रुपए बरामद। बरामदगी-351 ग्राम जेवरात (सफेद धातु),7.2 ग्राम जेवरात (पीली धातु),5.8 ग्राम टंच माल (पीली धातु),03 हजार रुपए नकद (चोरी के) गिरफ्तार अभियुक्त-मोसम्मी शफीक पुत्र भूरा निवासी लहुरेटा थाना नरैनी। गिरफ्तारी करने वाली टीम-संदीप तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना नरैनी, सुबेदार बिन्द चौकी प्रभारी करतल, कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अनुज यादव आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली नगर पुलिस ने चेन स्नेचिंग व टप्पेबाजी की घटना अंजाम देने वाले गिरोह के 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरी,वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11 मार्च को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चेन स्नेचिंग व टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब है कि दिनांक 26फरवरी को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पल्हरी निवासी सोमदत्त द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 11 फरवरी को 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी पत्नी के गले से मंगलसूत्र छीन लिया गया।इसी प्रकार दिनांक 09 मार्च को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की निवासी हासिना द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 08 मार्च को 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर बाइक से फरार हो गए।प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर में तत्काल अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए 04 अभियुक्तों को आरटीओ चौराहा,जनपद के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह भीड़-भाड़ वाले इलाकों में चोरी/टप्पेबाजी/चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देते है।इस संबंध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग सम्मलित हैं तथा इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जा रही है।अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा,कारतूस व चोरी का माल तथा 34 हजार रुपए बरामद।

बरामद माल-01 टंच माल 4.150 ग्राम (पीली धातु),01 लॉकेट (पीली धातु),03 गुरिया (पीली धातु),34 हजार रुपए (चोरी के),01 अवैध तमंचा 315 बोर,01 अवैध जिंदा कारतूस 315 बोर,01 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) गिरफ्तार आरोपी-रेहान पुत्र आबिद निवासी अतर्रा चुंगी थाना कोतवाली नगर।,विपिन पुत्र लखनलाल निवासी मर्दन नाका थाना कोतवाली नगर।,जैद पुत्र नसीब निवासी खुटला रोहणिया मस्जिद थाना कोतवाली नगर।,मौ0 सैफ पुत्र मौ0 नसरत निवासी मुचियाना थाना कोतवाली नगर। गिरफ्तारी करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर- बलराम सिंह,उप निरीक्षक दिलीप कुमार मिश्रा,उप निरीक्षक यज्ञनारायण भार्गव,उप निरीक्षक प्रवेश कुमार,कांस्टेबल सौरभ यादव, कांस्टेबल प्रशांत कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार,कांस्टेबल कार्तिक राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को लगाया जाएगा एच.पी.वी टीका

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एच.पी.वी. टीकाकरण जनपद में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शीघ्र ही शुरू होगा।

सर्वाइकल कैंसर जैसी वैश्विक बीमारी से किशोरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद सहित प्रदेश के समस्त जिलो में सिंगल डोज ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। यह विशेष अभियान आगामी 3 माह में जनपद के समस्त चिकित्सा इकाईयों में संचालित सभी कोल्डचेन प्वाइंट पर संचालित किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेश द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं मे होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है और एच.पी.वी. वैक्सीन के टीकाकरण अभियान के माध्यम से ही इसे रोका जा सकता है। राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष रूचि लिये जाने के कारण पूर्व में जनपद में जिलाधिकारी के निर्देशन में विकासखण्ड कर्वी के अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय, शिवरामपुर में 100 एंव विकासखण्ड मानिकपुर के अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी विद्यालय मानिकपुर में 100 बच्चियों का एच.पी.वी. टीकाकरण कराया जा चुका है। शासन की नीतियो के अन्तर्गत एचपीवी वैक्सीनेशन को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सम्मिलित किये जाने के पूर्व इसे अभियान के तौर पर निर्धारित आयु वर्ग की बच्चियों का एच.पी.वी. टीकाकरण कराये जाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। एच.पी.वी. अभियान का औपचारिक शुभारम्भ 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान में बच्चियों का टीकाकरण किया जा चुका है। अभियान का संचालन उन सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होगा जहाँ पर कोल्डचेन प्वांइट की सुविधा उपलब्ध हो, जनपद में जिला स्तरीय सयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर एंव 200 शैया एमसीएच विंग खोह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत पी.एच.सी. राजापुर में संचालित कोल्डवेन प्वांइट में एचपीवी टीकाकरण यह सुविधा उपलब्ध है।

# 28 मार्च के बीच होगा खाद्यान्न वितरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलापूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत मार्च माह के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 12 मार्च से 28 मार्च के मध्य होगा। इस अवधि में अन्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 कि.ग्रा. गेहूँ, 21 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों के मध्य 2 कि.ग्रा. गेहूं, 2 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं 1 कि.ग्रा. ज्वार व बाजरा प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित किया जाएगा। गेहूँ व चावल के स्थान पर आवंटित मोटे अनाजों का वितरण उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मोटे अनाजों का स्टॉक समाप्त हो जाने पर इसके स्थान पर यथास्थिति गेहूँ व चावल का संवितरण होगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी, एवं मार्च के सापेक्ष 3 कि.ग्रा. चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति कि.ग्रा. की दर से 54 रुपये में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के संबंध में पोर्टिबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में इण्टर स्टेट व इन्ट्रास्टेट पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। इस योजना के अन्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 28 मार्च होगी। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

## अगरहुण्डा में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक तहसील मानिकपुर के अंतर्गत विकासखण्ड मानिकपुर की ग्राम पंचायत अगरहुण्डा, में प्रस्तावित है। जिसकी लागत 2440.63 लाख आवंटित की गयी है। जिसकी प्रथम किस्त 1220.315 लाख कार्यदायी संस्था यू.पी.सी.एल. बांदा को दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विद्यालय को समसय व गुणवक्तापूर्ण निर्माण कराना सुनिश्चित करें। जिसमें विद्यालय भवन में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षिक परिवेश में शिक्षा दिए जाने के उद्देश्य से 30 कक्षों से युक्त विद्यालय भवन के निर्माण के साथ खेल का मैदान एवं कौशल विकास के संसाधनों को भी विकसित किया जाएगा। मॉडल कम्पोजिट विद्यालय में नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप एवं समग्र शिक्षा में निहित प्राविधानों के अनुरूप प्री प्राइमरी के साथ कक्षा 1 से 12 तक पृथक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। साथ ही कक्षा 11 एवं 12 के लिये विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषय के लिये पृथक 2 कक्षाओं का प्राविधान किया जाएगा। प्रत्येक कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था के साथ आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, इत्यादि को भी विकसित किया जायेगा।

## इंटवा डुडैला के राजकीय हाईस्कूल को किया जाएगा इण्टर तक उच्चीकृत

**चित्रकूट।** रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय प्रान्तीय संरक्षक राजकीय शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी से मानिकपुर तहसील में संचालित राजकीय हाईस्कूल इंटवा डुडैला को इण्टर स्तर तक उच्चीकृत किये जाने का अनुरोध किया गया है। इस विद्यालय से 30 कि.मी. के क्षेत्र में चारो तरफ कोई भी इण्टर स्तर तक की संस्था नहीं है तथा उच्चीकृत किये जाने के लिए विद्यालय के पास पर्याप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है, तथा मारकुण्डी क्षेत्र के कतिपय ग्रामवासियों द्वारा जिलाधिकारी से मारकुण्डी क्षेत्र में राजकीय इण्टर कालेज संचालित किये जाने की मांग की गयी है। जिस पर उनके द्वारा संज्ञान लेकर ग्राम पंचायत इटवा डुडैला में संचालित राजकीय हाईस्कूल को इण्टर स्तर तक उच्चीकृत किये जाने के लिए बीते बुधवार को राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित किया गया है।

# योगी सरकार के 'जीरो टालरेंस' नीति का असर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गोवंशों के संरक्षण और अपराध के विरुद्ध अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का असर अब धरातल पर साफ दिखने लगा है। जनपद में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों ने गौ-तस्करों की कमर तोड़ दी है।जिससे न केवल गोवंश सुरक्षित हुए हैं।बल्कि जिले की कानून व्यवस्था भी अभेद्य हुई है। 2021 से 2025 तक गौतस्करी के 15 मामले दर्ज किए गए जिसमें 49 लोगों को जेल भेजा जा चुका है।पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2021 से 2026 के बीच जिले में गौ-तस्करी के कुल 14 मामले दर्ज किए गए।जिसमें 2021 में 2, 2022 में 4, 2023 में 3, 2024 में 2 व 2025 में 3 मामले दर्ज किए गए। योगी सरकार की सक्रियता का ही परिणाम है कि इन मामलों में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 49 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा है।जिसमें 43 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।जबकि 6 अभियुक्तों में आत्मसमर्पण किया।न्याय प्रक्रिया को गति देते हुए 11 मामलों में पुलिस द्वारा आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल की जा चुकी है। जबकि एक मामले में अंतिम रिपोर्ट भी लग चुकी है।सरकार के प्रयासों को जन-सहयोग से जोड़ते हुए जिले में गौ-संरक्षण समितियों का गठन किया गया है।ये समितियां न केवल गोवंशों की देखभाल सुनिश्चित कर रही हैं।बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस के तीसरे नेत्र के रूप में कार्य कर रही हैं।योगी सरकार की इस मुस्तैदी से जहां एक ओर तस्करों में खौफ है।वहीं दूसरी ओर आम जनमानस में गोवंशों की सुरक्षा को लेकर भारी संतोष भी है।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि जनपद पुलिस ने सीमाओं पर ऐसी घेराबंदी की है।कि वर्ष 2026 में अब तक गौ-तस्करी का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि गौ-तस्करों के विरुद्ध पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं।जनपद के सभी बार्डर चेक-पोस्टों पर 24 घंटे पैनी निगरानी रखी जा रही है।

# शराब के नशे में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ। इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कायल गांव में एक 28 वर्षीय युवक शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी हालत गंभीर होने लगी, परिजनों के द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मृत्यु हो गई।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कायल गांव के रहने वाले शिवकरण पुत्र शिव शंकर उम्र करीब 28 वर्ष,यह गुरुवार की दोपहर शराब के नशे में अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया,जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया।जहां पर डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा था।उसी समय इलाज के दौरान शिवशरण की मृत्यु हो गई।मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया,वहीं डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मृतक शिवकरण अविवाहित था,जिसमें दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया,वहीं डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मृतक शिवकरण अविवाहित था,जिसमें दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।जिससे घटना को देखते हुए मृतक की मां फूल कुमारी भाई मंगल सिंह बहन मालती देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

मृतक का भाई मंगल सिंह ने जानकारी दिया कि शराब का नशा करता था।पता नहीं शराब पीने के बाद क्या खा लिया जैसे हमको जानकारी हुई तो अस्पताल लेकर आए,जहां इलाज हो रहा था तभी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत के द्वारा शाम करीब 05:00 बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया की परिजनों ने बताया कि मृतक युवक शराब के नशे में था,इसके बाद सीएचसी में इलाज के दौरान मृत्यु हुई है।फिर भी मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# हिस्ट्रीशीटर सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




परीक्षा देने जा रही बालिका के रोककर उसके साथ अभद्रता करने तथा धमकाने के मामले में पुलिस ने शातिर अपराधी हिस्ट्रीशीटर प्रधानपति सहित तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व महिला ने बताया कि था कि उसकी पुत्री पेपर देने जा रही थी।तभी उसके साथ छेड़छाड़ सहित धमकाने की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस चौकी व थाने में कोई सुनवाई न होने पर पीड़िताओं ने एसपी के कार्यालय का दरवाजा खटखटाते हुए न्याय की फरियाद की थी। एसपी ने मामले को संज्ञान लिया तब जाकर मुकदमा दर्ज हो सका।यहां बताते चलें कि पीड़िता के आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह स्कूल जा रही थी तो रास्ते में प्रधान के पुत्र और उसके कुछ साथियों ने उसे रोक लिया जिसके कारण उसका प्री-बोर्ड परीक्षा का एक पेपर भी छूट गया।पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसका हाथ पकड़कर खींचा,छेड़छाड़ की और अभद्र गालियाँ दीं।पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है।कि आरोपियों का इतना दबदबा है?।कि स्थानीय पुलिस भी उनके प्रभाव में काम करती दिखाई देती है।न्याय की तलाश में पीड़िता अपनी फरियाद लेकर लखनऊ तक मुख्यमंत्री से मिलने पहुँची,लेकिन उसे मुलाकात का अवसर नहीं मिल सका।बताया जा रहा है कि पीड़िता पिछले दो तीन महीनों से न्याय के लिए दर-दर भटक रही है,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर पीड़ित परिवार को न्याय कब मिलेगा और गाँव की माताएँ-बेटियाँ कब निर्भय होकर घर से बाहर निकल सकेंगी। इसी मामले पर एसपी के दरवाजा खटखटाने के बाद महिला की तहरीर पर धारा 191,74,352,351/3,7 व 8 में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## चार अभियुक्तों को दिखाया गया जिले के बाहर का रास्ता

**हमीरपुर।** अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सख्त कार्यवाही करते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) की अदालत ने कोतवाली नगर, जरिया, जलालपुर से जुड़े गुण्डे अपराधियों को जिले की सीमा से 6 महीने के लिये बाहर का रास्ता दिखाया है। आदेश में कहा गया है कि, इस दौरान ये सभी अपराधी अपने साथ किसी तरह का असलहा लेकर नहीं चलने के साथ ही जिले की सीमा में दाखिल नहीं होंगे। जबकि जिस जगह पर रहेंगे। इस बात की जानकारी अदालत के अलावा लोकल पुलिस को भी देंगे। जबकि जिले के बाहर किये गये अपराधियों में खासतौर से पप्पू पुत्र स्व0 गोपाल निषाद, निवासी केसरिया का डेरा,वही दीपक राजपूत पुत्र शंकर लाल, निवासी ग्राम बरगवां थाना जरिया,हनुमान मिश्रा पुत्र स्व0 शिवमंगल मिश्रा, निवासी ग्राम कुपरा, जलालपुर सहित छोटू उर्फ अंकित पुत्र नारायण राजपूत, निवासी ग्राम पुरैनी, जलालपुर खासतौर से शामिल हैं।

# युवा योजना के तहत जनपद में 1000 से अधिक लाभार्थियों को मिला लाभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना (युवा योजना) जनपद में लाभार्थियों के लिए आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही है। जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। जनपद में अब तक 1000 से अधिक लाभार्थियों को इस योजना का लाभ देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है। जिलाधिकारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि जनपद में वर्तमान में अभी तक 1035 लोगों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। जल्द ही सभी बैंकों के सहयोग से इस योजना का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा, उन्होने यह भी अवगत कराया कि रोजगार परक अन्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद में बैंकों के सहयोग से वितीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्व ही पूरा कर लिया गया है। इस सफलता में एलडीएम के कुशल पर्यवेक्षण और जनपद के समस्त बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। बैंकों के सक्रिय सहयोग से युवाओं को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे वे अपने गांव और क्षेत्र में ही अपना स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं। इस योजना का मूल मंत्र युवाओं को रोजगार के लिए भटकने के बजाय रोजगार प्रदाता बनाना है। अपने ही क्षेत्र में स्वरोजगार शुरू करने से स्थानीय स्तर पर पलायन में कमी आई है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। हमारा लक्ष्य है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक इन योजनाओं का लाभ पहुँचे जिससे प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के जागरुकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में गुरुवार को शेषमणि, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पद्माकरमणि त्रिपाठी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राकेश कुमार यादव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सन्तोष कुमार, तृतीय स्थायी लोक अदालत, अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज एवं राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. नोडल अधिकारी लोक अदालत द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस रैली में अग्रणी बैंक चित्रकूट के तत्वाधान में प्रचार वाहन के माध्यम से जागरूकता रैली कर्वी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में भी आम जनमानस को जागरूक किया गया।

सचिव इला चैधरी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद,



राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं। उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों में लगी कोर्ट फीस वापस हो जाती है। मुकदमेंबाजी से छुटकारा जल्दी मिल जाता है, आर्थिक व्यय व समय की बचत होती है।

इस अवसर पर रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज त्वरित न्यायालय, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज, वर्णिका शुक्ला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अश्वनी कुमार उपाध्याय सिविल जज एफ.टी.सी., अंशुमान यादव अतिरिक्त सिविल जज, सैफाली यादव सिविल जज, सृष्टि शुक्ला सिविल जज एफ.टी.सी., विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अनुराग शर्मा अग्रणी प्रबन्धक इण्डियन बैंक, सुरेन्द्र कुमार जिला सूचना अधिकारी, जनपद न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी, अधिवक्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत समस्त पैरा लीगल वालेण्टियर्स मौजूद रहे।



### होर्मुज में ईरान की नौसेना पर अमेरिका का...

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान की नौसैनिक ताकत पर बड़ा हमला किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई... पढ़ें पेज 12 पर...

# स्टाम्प-निबंधन विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए चला रहा विशेष अभियान

- प्रदेश के प्राधिकरणों, आवास विकास, यूपीएसआईडीसी की अपंजीकृत संपत्तियों का कराया जा रहा पंजीकरण
- एनएचएआई के टोल प्लाजा का परीक्षण कर निर्धारित किया जा रहा स्टाम्प देय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश के राजस्व संग्रह व्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्टाम्प एवं निबंधन विभाग विशेष अभियान चलाकर अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण, लंबित स्टाम्प वादों के निस्तारण और विभिन्न संस्थाओं से देय स्टाम्प शुल्क की वसूली पर जोर दे रहा है। अभियान का उद्देश्य राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ संपत्ति लेनदेन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। प्रदेश भर के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, यूपीएसआईडीसी तथा अन्य संस्थाओं की अपंजीकृत संपत्तियों का विशेष अभियान के तहत पंजीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न विकास प्राधिकरणों और सरकारी एजेंसियों से जुड़े समझौतों और परियोजनाओं की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्धारित स्टाम्प शुल्क का भुगतान समय पर हो। इसके साथ ही स्टाम्प दरों का भी व्यापक सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे का उद्देश्य प्रदेश में संपत्तियों की अद्यतन और वास्तविक न्यूनतम बाजार दरों को मूल्यांकन सूची में शामिल करना है, ताकि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता आए और बाजार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप दरें तय की जा सकें। सर्किल दर सूची के सरलीकरण और मानकीकरण का प्रारूप पहले ही जारी किया जा चुका है।



### जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से मिलेगा 100 करोड़ का राजस्व

विभाग की ओर से राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न जिलों में विशेष कार्ययोजनाएं भी बनाई गई हैं। मुरादाबाद में एमडीए की सहायक और गोविंदपुरम आवासीय योजनाओं से लगभग 22 करोड़ रुपये, वाराणसी में वीडीए की गंजारी स्पोर्ट्स सिटी परियोजना से करीब 40 करोड़ रुपये तथा गोरखपुर में जीडीए की न्यू टाउनशिप योजना से लगभग 100 करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना है। इसके अलावा जीआईडीए के लीज और फ्रीहोल्ड विलेखों से लगभग 50 करोड़ रुपये की आय का अनुमान है। इन सभी स्रोतों से मार्च 2026 तक करीब 200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

### एनएचएआई के टोल प्लाजा से 72 करोड़ का स्टाम्प देय निर्धारित

एनएचएआई के टोल प्लाजा से जुड़े मामलों की भी गहन समीक्षा की जा रही है। प्रदेश में एनएचएआई के कुल 123 टोल प्लाजा और संबंधित एजेंसियों के बीच हुए समझौतों का परीक्षण कर लगभग 72 करोड़ रुपये की स्टाम्प देयता निर्धारित की गई है। इन मामलों में विभिन्न न्यायालयों में वाद दर्ज किए गए हैं और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। गाजियाबाद में एक मामले का निस्तारण करते हुए लगभग 70 लाख रुपये की वसूली की गई है, जबकि कुशीनगर में दो मामलों में लगभग 52 लाख रुपये की वसूली की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के कई जिलों में विकास प्राधिकरणों और निजी कॉलोनाइजरों की अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण के माध्यम से भी राजस्व बढ़ाने की योजना है। गौतमबुद्धनगर में यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े मामलों से लगभग 93 करोड़ रुपये का राजस्व की संभावना है। वहीं, मेरठ में निजी बिल्डरों की अपंजीकृत संपत्तियों और आरआरटीएस परियोजना से लगभग 252 करोड़ रुपये की आय का अनुमान है। इसी तरह गाजियाबाद में जीडीए की हरनंदीपुरम आवासीय योजना और यूपीएसआईडीसी की मोदीनगर परियोजना से लगभग 153 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की संभावना जताई गई है। इसी तरह बरेली में बीडीए की पीलीभीत आवासीय योजना से करीब 50 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

# प्रदेश में बादशाह के कंसर्ट पर रोक लगाने की मांग, अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



गायक बादशाह के विवादित गाने टटीरी को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर गायक बादशाह के प्रदेश में होने वाले कंसर्ट को अनुमति न देने का अनुरोध किया है। आयोग का कहना है कि गायक बादशाह की एल्बम टटीरी में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा और आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए हैं। गीत में स्कूल यूनिफॉर्म पहने छात्राओं को अनुचित तरीके से प्रस्तुत किया गया है और विद्यालय जैसे पवित्र स्थान के लिए भी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। महिला आयोग के अनुसार इससे महिलाओं की गरिमा और सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचती है। आयोग ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने और लुक आउट सर्कुलर जारी होने की भी जानकारी मिली है। उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि गायक बादशाह के किसी भी प्रस्तावित कार्यक्रम या शो को अनुमति न दी जाए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए।

# 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आएगी 'सम्मान निधि'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मोदी-योगी सरकार अन्नदाता किसान की समृद्धि को बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार खेत से लेकर किसानों के सम्मान तक निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी असम से किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त भेजेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4335.11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। यूपी के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (21वीं किस्त) 94,668.58 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है।

### प्रतिवर्ष तीन किस्त में दी जाती है छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता

शुक्रवार को जारी होने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों के खाते में 4335.11 करोड़ की धनराशि आएगी। योजना की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसमें पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर 2025 को कोयम्बटूर से सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया था।

### किसानों के खाते में आ चुके हैं 94668.58 करोड़ रुपये

उत्तर प्रदेश के किसानों के खाते में 21वीं किस्त तक 94668.58 करोड़ रुपये की धनराशि आ चुकी है। शुक्रवार को 4335.11 करोड़ जारी होने के बाद यह राशि 99003.69 करोड़ रुपये हो जाएगी।

# अलविदा की नमाज के कारण पुराने शहर में बदला रहेगा यातायात, सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक रहेगा बदलाव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अलविदा की नमाज के कारण शुक्रवार को पुराने शहर में यातायात बदला रहेगा। अलग अलग मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करेंगे। मुख्य रूप से दोपहर 12.30 बजे आसिफी मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा और दोपहर एक बजे टीले वाली मस्जिद पर नमाज अदा की जाएगी। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस एंबुलेंस, शव वाहन, फायर ब्रिगेड और स्कूली वाहनों को निकलवाएगी।

### जानें डायवर्जन प्लान

सीतापुर रोड की तरफ से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रांसिग तिराहे से पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेंगे। ये डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नंबर आठ, निरालानगर से आईटी चौराहा होकर जा सकेंगे। पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से सामान्य यातायात पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर की नहीं जा सकेगा। यह पक्कापुल से पहले तिराहे से बंधा रोड या नया पुल होकर जाएगा। हरदोई रोड, बालागंज से आने वाला यातायात बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर जा सकेगा। कोनेश्वर चौराहे से सामान्य यातायात घंटाघर होते हुए बड़ा इमामबाडा, टीले वाली मस्जिद की ओर नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रॉस, शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क चौराहे से नया पुल होकर जा सकेगा। नींबू पार्क चौराहे से सामान्य यातायात बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर जाएगा। नींबू पार्क ओवरब्रिज से उतरने वाला यातायात रूमी गेट की तरफ नहीं जा सकेगा। यह चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर या चरक चौराहा होकर जाएगा। चौक तिराहा से सामान्य यातायात नींबू पार्क चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रॉस होकर जाएगा। मेडिकल क्रॉस चौराहे से यातायात फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कॉलेज होकर नींबू पार्क चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह मेडिकल कॉलेज चौराहा या चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएगा। शाहमीना तिराहे से सामान्य यातायात पक्कापुल की ओर नहीं जा सकेगा। यह मेडिकल कॉलेज, या डालीगंज पुल, आईटी होकर जाएगा। डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की ओर जाने वाली रोडवेज, सिटी बसें व अन्य वाहन पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। ये आईटी, कपूरथला, पूरनिया होकर जाएंगे। शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर जाने वाली रोडवेज, सिटी बसें पक्का पुल, बड़ा इमामबाडा की ओर नहीं जाएंगी। ये शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कॉलेज, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगी।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 14 व 15 को, पर्याप्त रहेगी रोडवेज बसें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को 14 एवं 15 मार्च को होने वाली उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा निगम बसों की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए है। अभ्यर्थियों को लखनऊ तक सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम द्वारा अतिरिक्त बसों के संचालन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए है। बस एवं बस स्टेशनों पर साफ सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था भी करें। लगभग 88000 परीक्षार्थी प्रदेश के 17 जनपदों से 02 दिवसों 14 एवं 15 मार्च को लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों तक आयेंगे। प्रमुख बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा परीक्षा केंद्रों से जुड़े प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन किया जाए। अंबेडकर नगर से 11198, औरैया से 5120, अयोध्या से 8122, बाराबंकी से 2797, इटावा से 7030, हरदोई से 1032, जौनपुर से 7450, कानपुर देहात से 7677, कानपुर नगर से 9592, खीरी से 981, प्रतापगढ़ से 8306, प्रयागराज से 233, रायबरेली से 1395 सीतापुर से 905, सुल्तानपुर से 6950, उन्नाव से 1229 एवं वाराणसी से 8303 परीक्षार्थी लखनऊ परीक्षा देने के लिए आने वाले हैं। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बसों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है ताकि किसी भी स्थान पर अभ्यर्थियों को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े।एमडी परिवहन ने प्रमुख बस अड्डों पर विशेष निगरानी व्यवस्था के साथ नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं,जिससे बसों के संचालन की सतत मॉनिटरिंग की जा सके।

# डीसीएम से सात क्विंटल 75 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

एसटीएफ लखनऊ टीम और निगोहां पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक डीसीएम में लदा लगभग सात क्विंटल 75 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्य फरार बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि ओडिशा से बड़ी मात्रा में गांजा लाकर लखनऊ और आसपास के जनपदों में सप्लाई किया जाना है। इस इनपुट के आधार पर एसटीएफ और निगोहां पुलिस ने बुधवार रात नगराम मोड़ के आगे चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की निगरानी शुरू की। उसी दौरान आ रही डीसीएम नंबर क्र 71/ज्ञ-3380 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो डीसीएम चालक पुलिस को देखकर गाड़ी भगाने लगा जिस पर निगोहां-नगराम मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बने डिवाइडर के पास सरकारी जीप लगाकर डीसीएम को रोक लिया गया। डीसीएम को थाने लाकर तलाशी ली गई तो वाहन में रखी 31 बोरियों में 775 पैकेट मिले जिनमें लगभग 7 क्विंटल 75 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने फतेहपुर निवासी कौशल कुमार (22) को गिरफ्तार कर लिया और तलाशी के दौरान उसकी जेब से दो मोबाइल फोन व 210 रुपये नकद बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजे की यह खेप ओडिशा से लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सप्लाई की जानी थी। वहीं, पुलिस के अनुसार बरामद माल नगराम थानाक्षेत्र के रहने वाले मयंक गुप्ता के पास पहुंचाया जा रहा था जहां से इसे अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई किया जाता था। पुलिस के मुताबिक इस तस्करी में समरजीत उर्फ सोनू गुप्ता, मयंक कुमार गुप्ता, रविंद्र जायसवाल उर्फ रवींद्र और सैय्यद दावर अलवी सहित कई अन्य शामिल हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एसटीएफ के इनपुट पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# दायित्व निर्वहन में उदासीन आगरा के 4 यात्री, मालकर अधिकारी निलंबित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने परिवहन मंत्री के निर्देशों पर दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता एवं शिथिलता बरतने के आरोप में आगरा में तैनात 4 यात्री, मालकर अधिकारियों क्रमशः नीलम, अमित वर्मा, शारदा मिश्रा एवं शिव कुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया है। शासन को सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी आगरा के निलंबन की सस्तुति भी की है। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि 11 मार्च को अपराह्न 2:30 बजे आगरा में आरबीएस हायर सेकेन्ड्री स्कूल अगवार रोड भागूपुर हवेली एत्मादपुर आगरा की स्कूली बस से दुर्घटना में एक बच्ची की दुखद मृत्यु हो गयी थी। मृतका के पिता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उप परिवहन आयुक्त आगरा के अन्य अधिकारियों के साथ की गयी भौतिक निरीक्षण में बस की तकनीकी दशा खराब पायी गयी जबकि आगरा में तैनात प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा सम्बंधित वाहन के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी।परिवहन आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा 15 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक एवं 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश परिवहन अधिकारियों को दिये गये थे। स्कूली वाहनों एवं अनधिकृत संचालित वाहनो के खिलाफ सघन प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश भी विभाग द्वारा दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद इन अधिकारियों द्वारा कार्य एवं मुख्यालय द्वारा निर्गत निर्देशों के प्रति घोर उदासीनता एवं शिथिलता पायी गयी, जो कि उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियमों का उल्लंघन है। निलंबन अवधि में ये अधिकारी परिवहन आयुक्त कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। संजय सिंह उप परिवहन आयुक्त यात्रीकर को जांच अधिकारी नामित किया गया है, जो जांच प्रक्रिया पूर्ण कर एक माह के अंदर जांच आख्या उपलब्ध करायेंगे।

# 'दुघरा से मानपुर मंडी को जोड़ने वाली सड़क बहुत ही अच्छी बनाई जायेगी'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकड़रिया कलां से होते हुए दुघरा जमखनवां होकर बगहा करौंदी होते हुए मानपुर मंडी सीतापुर हाईवे पर जोड़ने वाली सड़क काफी दिनों से जर्जर पड़ी हुई हैं। वहीं इस मामले में बीकेटी भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि यह सड़क बहुत ही आधुनिक तरीके से बनाई जायेगी और यह सड़क बहुत अच्छी बनाई जायेगी। इस सड़क पर चलने वाले राहगीरों के लिए जल्द ही इस सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया जायेगा। इस दौरान भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि बीकेटी विधानसभा की सभी सड़कों को जल्दी बनवाया जायेगा।

# डिप्टी सीएम की पहल: हर मंगलवार 'प्रेरणा दिवस'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उन्हे गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। समूहो की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर उनकी आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की सोच व मन्शा के अनुरूप विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को 'प्रेरणा दिवस' का आयोजन किया जा रहा है।मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार को समूह सखी, द्वितीय मंगलवार को बैंक सखी, एफएलसीआरपी वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, विद्युत सखी, तृतीय मंगलवार को अजीविका सखी एवं उद्योग सखी और चतुर्थ मंगलवार को एफएनएचडब्ल्यू सीआरपी खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संसाधन व्यक्ति कीसमीक्षा बैठक प्रेरणा दिवस के रूप में आयोजित की जा रही है। इसमें शिकायतों का निस्तारण और सुझावो पर विचार किया जाता है।विकासखंडों में आयोजित कार्यक्रमो में अब तक 71815 आजीविका सखियों ने भाग लिया।इस दौरान प्राप्त 1184 शिकायतों व सुझावों में1048 का त्वरित समाधान किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाओं को सीधे लाभ पहुंचाने की मिशन की प्रतिबद्धता सिद्ध हो रही है।

# आगरा में 'इंडिया स्किल्स 2025-26' नॉर्थ रीजनल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- उत्तर भारत के 5 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 360 से अधिक प्रतिभागी ले रहे हिस्सा
- योगी सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध: कपिल देव

योगी सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आगरा में 'इंडिया स्किल्स 2025-26' नॉर्थ रीजनल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर भारत के 5 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 360 से अधिक प्रतिभागी 41 विभिन्न ट्रेडों में अपनी प्रतिभा और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन कर रहे हैं।प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ 11 मार्च की शाम को हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न राज्यों के युवाओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के उप महानिदेशक अरुण कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। यहां आने वाला प्रत्येक प्रतिभागी कुछ न कुछ नया सीखकर अवश्य जाएगा। समारोह के दौरान सभी राज्यों की टीमों ने मार्च पास्ट किया और प्रतिभागियों तथा निरीक्षकों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता का समापन 14 मार्च को विजेताओं को सम्मानित करने के साथ होगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल 14 मार्च को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे और विजेताओं को सम्मानित करेंगे।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया स्किल्स' जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर तक पहुंचाने का अवसर देती हैं। ।उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने प्रदेश के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'इंडिया स्किल्स' प्रतियोगिता युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच प्रदान करती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को, शीघ्र सुलभ न्याय के लिए आये लोक अदालत- जीवक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिविल जज सीडी जीवक कुमार सिंह ने बताया कि 14 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वादों का निस्तारण किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को सुबह 10 बजे से कार्यावधि तक जनपद न्यायालय परिसर लखनऊ परिवार न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कमर्शियल कोर्ट लखनऊ तथा कलेक्ट्रेट, तहसीलों एवं अन्य सम्बन्धित विभागों में वादों का निष्पादन किया जायेगा।

# युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- कौशल केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए मजबूत निगरानी जरूरी: अवनीश
- श्रम और कौशल को सम्मान देने की संस्कृति विकसित करनी होगी: डॉ. हरिओम

लखनऊ में नेशनल स्किल एंड एजुकेशन समिट का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में किया गया। मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत निगरानी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक मंडल में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और बैंकरों की एक समिति गठित की जाए जो कौशल केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करे। कौशल केंद्रों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी निगरानी सार्वजनिक डोमेन के माध्यम से भी संभव हो। प्रदेश की बड़ी युवा आबादी को कौशलयुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने हालिया सिंगापुर और जापान दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति और उसके कौशल विकास की संभावनाओं को प्रमुखता से रखा है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में महाराणा प्रताप प्रौद्योगिकी संस्थान में लगभग 48 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां एआई, साइबर सुरक्षा, 3डी प्रौद्योगिकी और ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र का उद्घाटन 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास को साथ जोड़ना समय कीआवश्यकता है। केवल ज्ञान प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे व्यवहारिक रूप से लागू करने की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है। समाज में श्रम और कौशल को सम्मान देने की संस्कृति विकसित करनी होगी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि मिशन के माध्यम से 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# एसपी सर्वनन टी एक्शन मोड में : 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' से अपराधियों पर शिकंजा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले की कमान संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक सर्वनन टी कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं।अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से उन्होंने पूरे जिले में 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान शुरू करा दिया है।इसके साथ ही थानों के कार्यों की सघन समीक्षा और थानाध्यक्षों की गुप्त जांच भी शुरू कर दी गई है।सूत्रों के मुताबिक 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत जिले भर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।पुलिस की टीमें सक्रिय होकर संदिग्ध



गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं,वहीं वांछित और सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस अधीक्षक ने काम में लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्षों की गोपनीय जांच भी शुरू करा दी है।बताया जा रहा है,कि जिले के कई बड़े थानों की कार्यप्रणाली पर विशेष नजर रखी जा रही है।विभिन्न स्तरों से प्राप्त गोपनीय रिपोर्टों और फीडबैक के आधार पर थानों के कामकाज,अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया जा रहा है।सूत्रों का कहना है कि जिन थानों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं,अथवा कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।वहां जल्द ही प्रशासनिक बदलाव किए जा सकते हैं।ऐसे में आने वाले समय में जिले के कई थानों में बड़े पैमाने पर फेरबदल होने की संभावना जताई जा रही है।पुलिस महकमे में भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि बेहतर कानून व्यवस्था,अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक जल्द ही कुछ महत्वपूर्ण प्रशासनिक फैसले ले सकते हैं।

## सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया। प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 12 मार्च को सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा सम्पन्न कराया गया । विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया । उन्होंने बताया कि अंग्रेजी विषय के लिए पंजीकृत 304 परीक्षार्थियों में से सभी 304 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए । परीक्षा के दौरान आब्जर्वर के रूप में डॉ डीपी सिंह मौजूद रहे।

# बारात से लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के थाना संग्रामपुर क्षेत्र में बारात से वापस लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार थाना संग्रामपुर क्षेत्र के भगतपुर-गोरखापुर निवासी प्रदीप वर्मा 25 वर्ष पुत्र स्वर्गीय धर्मराज वर्मा बुधवार देर रात लगभग 11 बजे चंद्रिकन से बारात से वापस अपने गांव भगतपुर लौट रहे थे। जब वह कालिकन-विशेषरगंज मार्ग स्थित भैरोपुर बाग की पुलिया के पास पहुंचे,तभी उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई। बाइक पुलिया की रेलिंग से टकराते हुए पास में लगे बिजली के खंभे से जा भिड़ी।हादसे में बाइक चला रहे प्रदीप वर्मा गंभीर रूप से



घायल हो गए।दुर्घटना में उनके सिर में गहरी चोट आई, जिससे उनका सिर का बीच का हिस्सा फट गया। वहीं बाइक पर पीछे बैठे राम करन बाल-बाल बच गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रदीप को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों के अनुसार मृतक की मां शीला देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं, जबकि प्रदीप मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। प्रदीप की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व गायत्री देवी से हुई थी। उनका एक वर्ष का बेटा शनवीर भी है।प्रदीप तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ।

# चोकर से लदा ट्रक पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात चोकर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया,जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना जगदीशपुर क्षेत्र के कमरौली स्थित गढ़ा के पास देर रात करीब तीन बजे हुई।बताया जा रहा है कि बिहार से चोकर लेकर पंजाब की ओर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटने से चालक मुजस्सिर गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल चालक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज लखनऊ के अस्पताल में चल



रहा है और उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।हादसे के समय ट्रक में चालक के साथ इरफान और मुजमिल,जो जम्मू-कश्मीर के निवासी बताए जा रहे हैं, भी सवार थे।दोनों को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक में अधिक भार होना बताया जा रहा है। आशंका है कि अधिक वजन के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुचारु कराया गया।

## ब्लॉक परिसर में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**जन एक्सप्रेस द्व अमेठी।** महराजगंज तराई बलरामपुर -ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने किया। जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रंग गुलाल व फूलों के साथ सभी एक दूसरे से गले मिलकर होली मिलन किया। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान, ब्लॉक के कर्मचारियों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने सभी से मिलकर कहा कि होली आपसी भाईचारे व प्रेम का पर्व है। इसीलिए हम सभी लोग गंगा जबुनी के तहजीब पर एक दूसरे से गले मिलकर होली मिलते हैं। रंग तभी सुंदर लगते हैं। जब मनुष्य सुरक्षित हो। गुलाल तभी खिलता है। जब धरती पर अमन हो। फागुन की होली का असली अर्थ नफरत की राख से प्रेम की नई फसल उगाना है। आपसी भाईचारा ही होली का पर्व है। इसीलिए हम सभी मिलकर इस समारोह को भव्य बनाते हैं।

# बलरामपुर श्रावस्ती को फोरलेन से जोड़ने के लिए पूर्व सांसद ने दिया पत्र

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती के पूर्व सांसद वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर श्रावस्ती व बलरामपुर जनपदों को फोरलेन सड़क से जोड़ने के लिए मांग पत्र दिया।

जानकारी के अनुसार 12 मार्च को बलरामपुर व श्रावस्ती जनपद को फोरलेन से जोड़ने के लिए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने बाराबंकी से बहराइच तक फोरलेन निर्माण की घोषणा करने पर केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को एक ज्ञापन देकर इस फोरलेन से श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के दोनों जनपदों को जोड़ने की मांग की है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री



नितिन गडकरी को सौंपे गए मांग पत्र में कहा है कि बाराबंकी से बहराइच तक फोरलेन बनाने की जो घोषणा की गई है, इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा। फोरलेन हाइवे के निर्माण से व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र का श्रावस्ती जनपद भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली है तथा बलरामपुर जनपद पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि होने के साथ-साथ 51 शक्तिपीठों में से एक मां पाटेश्वरी देवी का धाम है। बलरामपुर व श्रावती में पर्यटकों व श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से बलरामपुर व श्रावस्ती जनपद को बाराबंकी बहराइच फोरलेन हाइवे से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि बलरामपुर एवं श्रावस्ती को फोरलेन से जोड़ दिया जाए तो यहां पर व्यापार और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। साथ ही दोनों आकांक्षी जनपदों का विकास भी होगा। पूर्व सांसद ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने फोरलेन निर्माण की परियोजना को जनपद श्रावस्ती होते हुए बलरामपुर तक विस्तार देने का आश्वासन दिया है।

# मुख्यमंत्री को डीएम ने भेंट किया जनपद का नया आधिकारिक लोगो

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद के दो दिवसीय भ्रमण पराए हुए थे। भ्रमण के दूसरे दिन जनपद के जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर पर मुख्यमंत्री को जनपद का नया आधिकारिक लोगो भेंट किया। मुख्यमंत्री ने जनपद की पहचान को संजोने वाले इस अनूठे प्रयास की सराहना की।? यह लोगो केवल एक चित्र नहीं है, बल्कि बलरामपुर की सांस्कृतिक गहराई, कृषि प्रधानता और प्राकृतिक संपदा का एक सुंदर संगम है। इसमे ?गन्ने का डंठल बलरामपुर की मजबूत कृषि पहचान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख गन्ना उत्पादक जिले के रूप में




इसकी विकास यात्रा और ग्रामीण समृद्धि को दर्शाता है। वहीं दिव्य नेत्र एवं तिलक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के प्रतीक स्वरूप जिले की आध्यात्मिक गहराई और सांस्कृतिक आस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके साथ ही लोगो के निचले भाग में बहती नीली तरंगें जनपद की जीवनरेखा राप्ती नदी का चित्रण हैं, जो यहाँ के लोगों के जीवन और उपजाऊ भूमि का पोषण करती हैं। लोगों में ?बाघ के पंजे का चिह्न सोहेलवा वन्यजीव अभयारण्य का प्रतीक है, जो जिले की समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पूरे लोगों को एक अंग्रेजी अक्षर क्रमें पिरोया गया है जो बलरामपुर के नाम के साथ-साथ आस्था, उर्वरता और प्राकृतिक सामंजस्य की भूमि को एक ही सूत्र में दर्शाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस लोगो का उपयोग अब डिजिटल प्लेटफॉर्म, जिला आयोजनों और सार्वजनिक प्रदर्शनियों में जिले की ब्रांडिंग के लिए किया जाएगा। इससे न केवल नागरिक गर्व को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के एक प्रगतिशील और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले के रूप में बलरामपुर की पहचान वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ होगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु आयुक्त व डीएम ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**बलरामपुर**- आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा एम.एल.के. पीजी कॉलेज, बलरामपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वार, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहन अवलोकन किया। साथ ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के सुगम प्रवेश, कक्षों की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराया जाए। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी तथा प्रवेश व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# फूला के कटोरवा में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर,अमेठी**

विकासखंड सिंहपुर के कटोरवा, मजरे फूला गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और भक्ति भाव से कथा का रसपान किया।पूरे पंडाल में ÷जय माता दी÷ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य श्री लवकुश गौरवाणी जी महाराज ने अपने प्रवचन में मां भगवती की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि देवी की सच्चे मन से की गई भक्ति से मनुष्य के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य



श्रद्धा और विश्वास के साथ मां भगवती का स्मरण करता है,तो उसे आध्यात्मिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।कथा वाचक ने देवी की महिमा से जुड़े कई पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को अपने जीवन में संस्कारों और धार्मिक मूल्यों को अपनाना चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है।कथा के दौरान श्रद्धालु पूरे समय भक्ति में लीन दिखाई दिए। कई श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ मां भगवती का गुणगान भी किया। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है,जिससे वातावरण आध्यात्मिकता से सराबोर नजर आया।इस अवसर पर आयोजक श्रीमती कलावती एवं मदनचंद्र का परिवार तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।सभी श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।आयोजकों के अनुसार श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर से सायंकाल तक किया जा रहा है,जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ रही है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा ग्रामीणों के लिए नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद के अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट टांडा सीमेंट द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण समुदायों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

चिकित्सा शिविर में लगभग 200 ग्रामीणों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं का वितरण, प्रारंभिक जांच सुविधाओं तथा स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया। साथ ही विभिन्न रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को लेकर जागरूकता भी प्रदान की गई।

शिविर में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार और परामर्श दिया। इसमें डॉ. एस.के.




वर्मा (एमबीबीएस, एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी), डॉ. विवेक वर्मा (ओरल एंड डेंटल सर्जन), डॉ. राजेश जायसवाल (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो), डॉ. अपर्णा पटेल (होम्योपैथी) सहित विकास पटेल, शैलेंद्र साहू और अंकित वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर यूनिट हेड नागेश उपाध्याय ने कहा कि कंपनी अपने आसपास के समुदायों के विकास और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। ग्राम प्रधान आजाद कुमार, राजमन वर्मा और अभिषेक मिश्रा सहित ग्रामीणों ने चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं।

कार्यक्रम के अंत में एचआर हेड करुणा करण तिवारी ने सभी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले अवधेश राय, मनोज शाह, सुदीप पांडे, कृष्णा सिंह और राणा प्रताप सिंह की सराहना की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन हुए विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन गुरुवार को स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।

जानकारी के अनुसार 12 मार्च को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा कल्पना चावला इकाई के पदाधिकारी डॉ अनामिका सिंह के संयोजकत्व में प्राथमिक विद्यालय ( बिजलीपुर प्रथम में) 09 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता रैली प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर प्रथम से प्रारंभ होकर बिजलीपुर मंदिर परिसर, बिजलीपुर गांव, लपटेनपुरवा धर्मपुर , बड़की बिजलीपुर व बंजारी सहित अन्य कई गांवों से होते हुए बिजलीपुर मंदिर परिसर में आकर पूर्ण हुआ। रैली में स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन एवं नारे जैसे - नागरिको की है पहचान, सबसे पहले मत का दान । करे राष्ट्र का जो उत्थान, करें उसी को हम मतदान । गांव, पारा खेत खलिहान, सब कहते करो मतदान जैसे नारे लगाकर गांव वालों को मतदान के प्रति जागरूक किया । साथ ही मतदान हमारा अधिकार विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी शुक्ला को प्रथम, सलोनी पाण्डेय को द्वितीय, नीलू गुप्ता तथा प्रियांशी शुक्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । सरस्वती वंदना पिंकी तथा सरिता ने प्रस्तुत किया । स्वागत गीत नंदिनी तथा नीलू ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत पीयूष तथा आदर्श ने प्रस्तुत किया तथा रिपोर्ट लालजी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का परंपरागत ढंग से स्वागत किया। डॉ शुक्ल ने स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं से कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां हर नागरिकों को वोट देने का



मौलिक अधिकार प्राप्त है मतदान एक बुनियादी प्रक्रिया है, जो देश की सरकारी प्रणाली को मजबूत करती है तथा नागरिकों को अपनी सरकार चुनने में सक्षम बनाती है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आपदा प्रबंधन विषय पर सांस्कृतिक निदेशिका, प्रो रेखा विश्वकर्मा ने अपना बहुत ही सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि आपदाएं दो प्रकार की होती है । प्रथम आपदा प्राकृतिक होती है तथा द्वितीय प्रकार की आपदा मानवजनित आपदा होती है । ये दोनों ही प्रकार की आपदाएं पर्यावरण मानव जीवन और संपत्ति को बहुत नुक़सान पहुंचाती है। हमे इन आपदाओं से सामना करने के लिए मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से सदैव तैयार रहना चाहिए । उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा के लिए हमे ह्ष्ठक्रस्न तथा स्ञ्जक्रष्ठ का सहायता तत्काल लेना चाहिए । कार्यक्रम के तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने युवाओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा एवं रोजगार के अवसर नामक शीर्षक पर अपना उद्बोधन देते हुए बताया कि युवाओं को अपने अंदर रोजगार परक स्किल डेवेलप करना चाहिए । टेक्निकल एजुकेशन तथा कम्युनिकेशन स्किल पर विशेष ध्यान देना चाहिए । साथ ही अपनी मानसिक शारीरिक, बौद्धिक तथा आत्मिक विकास सतत् करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के चौथे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न प्रकार के गीत गजल तथा स्वरचित कविता व भजन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं में विशेष रूप से पूनम पांडे ने कैसे आऊ में कन्हैया व रिया शुक्ला ने यशोमती मैया से बोले नंदलाला, काजल यादव ने स्वरचित कविता, धर्मेश मिश्र ने चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखियां गीत एवं गजल प्रस्तुत किया जो कि दर्शकों का मन मोह लिया । इस अवसर पर डॉ स्वदेश भट्ट, डॉ रमेश गुप्ता, डॉ आशीष, डॉ अविनाश सिंह, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ ओ पी सिंह व प्रेम नारायण शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आर के शुक्ल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनामिका सिंह ने प्रस्तुत किया । राष्ट्रगान के साथ चौथे दिन के कार्यक्रम का समापन किया गया।



# डेब्यू फिल्म से 500 करोड़ छापने वाली एक्ट्रेस बनेगी 'मधुबाला'? जिसने कियारा आडवाणी को इस बड़ी फिल्म से किया रिप्लेस

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की दिवंगत एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की खबरें लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई हैं. मधुबाला को इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस माना जाता है और भी उनके करोड़ों चाहने वाले हैं. मधुबाला की बायोपिक तो कंफर्म हो गई है लेकिन बड़े पर्दे पर उनका रोल कौन निभाएगा, इसे लेकर अभी तक सस्पेंस बना हुआ है. हाल ही में ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स सामने आईं, जिनमें कहा गया था कि कियारा आडवाणी जल्द ही भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत और प्रतिष्ठित अदाकाराओं में से एक मधुबाला की बायोपिक में नजर आएंगी. हालांकि, ये खबरें महज अफवाहें थीं और इनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं था. अब हालिया रिपोर्ट्स में मधुबाला की बायोपिक के लिए एक नई एक्ट्रेस का नाम सामने आया है.

जब से मधुबाला की बायोपिक कंफर्म हुई है, तभी से कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आ चुके हैं जो इस फिल्म में मधुबाला का किरदार अदा कर सकती हैं. सब जानना चाहते हैं कि संजय लीला भंसाली की बनाई इस फिल्म में कौन सी एक्ट्रेस इस आइकॉनिक स्टार का रोल निभाएंगी. हाल ही में कियारा का नाम सामने आ रहा था. लेकिन कियारा इस मूवी में नहीं आएंगी. इसी बीच अब एक ऐसी एक्ट्रेस का नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए सामने आ रहा है, जिसने अपनी पहली ही फिल्म से 500 करोड़ कमाकर खूब तारीफें




बटोरी थीं. वो एक्ट्रेस कोई और नहीं, बल्कि अनीत पड्डा हैं.

**मधुबाला की बायोपिक में अनीत पड्डा**

फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस अनीत पड्डा को इस बायोपिक में लीड रोल के लिए चुन लिया गया है. इसी रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया गया कि अनीत पड्डा ने इस फिल्म को साइन कर लिया है, जिसका मकसद हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर स्टार्स में से एक मधुबाला की जिंदगी, करियर और विरासत को दिखाना है. हालांकि, मेकर्स ने ज्यादातर डिटेल्स को सीक्रेट रखा है, लेकिन सोर्स की मानें तो फिल्म की तैयारी पहले से ही चल रही है और शूटिंग जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है. कास्टिंग के बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट आने वाले हफ्तों में होने की उम्मीद है. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक कास्टिंग को पब्लिकली कन्फर्म नहीं किया है, लेकिन सोर्स का मानना है कि अनीत पड्डा को स्क्रीन पर लेजेंडरी एक्ट्रेस का रोल निभाने के लिए चुना गया है.

**अनीत पड्डा ने कियारा को किया रिप्लेस**

ऐसे में अब कियारा आडवाणी की जगह इस फिल्म में अनीत पड्डा नजर आने वाली हैं. आपको बता दें कि इससे पहले अनीत पड्डा अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' में कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर चुकी हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो 'शक्ति शालिनी' में पहले कियारा आडवाणी नजर आने वाली थीं, बिजी शेड्यूल की वजह से वो शूटिंग के लिए अवेलेबल नहीं थीं. इसके बाद इस फिल्म के लिए अनीत पड्डा को कास्ट कर लिया गया था.

# प्रिंस नरूला से बेहतर खिलाड़ी हैं रजत दलाल- दिव्या अग्रवाल ने अपने 'भाई' को बताया झूठा और तिगड़मबाज!




मशहूर रियलिटी स्टार दिव्या अग्रवाल एक बार फिर सुर्खियों में हैं. हाल ही में रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद दिव्या ने टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ की खास बातचीत में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं.

उन्होंने न केवल प्रिंस नरूला के गेम प्लान पर सवाल उठाए, बल्कि ये भी साफ कर दिया कि अब से वो कभी कोई रियलिटी शो नहीं करेंगी. इंटरव्यू के दौरान दिव्या ने प्रिंस नरूला के 'मास्टरमाइंड' वाले टैग पर सीधा हमला बोला.

दिव्या अग्रवाल ने कहा, जो बंदा खुद को इतना बड़ा मास्टरमाइंड बताता है, अगर वो अपने कोर भाई (सिवेत) को ही नहीं बचा पाया, तो फिर कैसा मास्टरमाइंड? दिव्या ने आगे कहा कि प्रिंस आज भी रियलिटी शो वाले जोन से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं और चीजों को जरूरत से ज्यादा सीरियस ले लेते हैं.

**'द 50' का सफर कैसा रहा? क्या आपको लगता है कि ये वर्थ इट था?**

दिव्या का जवाब: मेरी जर्नी हमेशा सीखने वाली होती है. मैंने इससे पहले भी कई शो जीते हैं लेकिन इस शो से मुझे एक बड़ी सीख मिली है, अब और कोई रियलिटी शो नहीं करना है! मेरा कोटा पूरा हो गया है. अब मैं मैच्योर हो गई हूं और लाइफ में कुछ अच्छी चीजें (वेब सीरीज, फिल्में) करना चाहती हूं.

**प्रिंस नरूला और आप दोनों हमेशा से एक दूसरे का साथ देते आए हैं, लेकिन इस बार एक टीम में होने के बावजूद आपकी सोच पूरी तरह से अलग थी?**

दिव्या का जवाब: दरअसल दिक्कत ये है कि प्रिंस बहुत झूठ बोल रहे हैं. वो मेरे भाई जैसे हैं, लेकिन शो के अंदर वो बहुत ज्यादा 'तिगड़म' कर रहे थे. शो में लड़कों का गेम ज्यादा चल रहा था और वे लड़कियों को 'बलि का बकरा' बना रहे थे. जब मैंने पहली बार प्रिंस के 'ऑर्डर' को नकारा और निक्की को वोट दिया, तब उन्होंने काफी इश्यूज क्रिएट किए. वो दूसरों से कह रहे थे कि मैंने वोट दे दिया, जबकि उन्होंने खुद मुझे मुंह पर बोला था कि वोट दो. वहां बहुत 'डर्टी प्ले' चल रहा था. गेम जीतने के लिए इतना झूठ बोलने की जरूरत नहीं है. वो आज भी रियलिटी शोज के उसी पुराने फॉर्मेट में अटका हुआ है.

# AI स्कैम पर भड़कीं भारती सिंह, कॉमेडियन की फेक आवाज से बेच रहे स्लिमिंग प्रोडक्ट, कहा- भरोसा न करें




कॉमेडियन भारती सिंह लोगों के बीच काफी पॉपुलर हैं, टीवी शो में तो लोग उन्हें पसंद करते ही हैं, साथ ही साथ लोग उन्हें सोशल मीडिया पर भी पसंद करते हैं. हाल ही में भारती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए स्कैम के बारे में जानकारी दी. भारती ने बताया कि उनकी ढ्ढ आवाज का इस्तेमाल करके ऑनलाइन स्लिमिंग प्रोडक्ट्स को बेचा जा रहा है. इस मामले में भारती ने अपना गुस्सा जाहिर किया है और लोगों को असलियत बताया है.

कॉमेडियन और टीवी होस्ट भारती सिंह इन दिनों एक नए तरह के ऑनलाइन स्कैम को लेकर चर्चा में हैं. उन्होंने अपने फैंस को चेतावनी देते हुए बताया कि कुछ लोग उनकी आवाज का ढ्ढ के जरिए फर्जी इस्तेमाल कर स्लिमिंग प्रोडक्ट बेचने की कोशिश कर रहे हैं. हैरानी की बात यह है कि इस फर्जी वीडियो पर कई लोग भरोसा कर बैठे, यहां तक कि भारती की जान पहचान वाले भी इस वीडियो को सच समझ बैठीं.

**वीडियो शेयर कर बताई सच्चाई**

भारती सिंह ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर इस पूरे मामले का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि इंटरनेट पर एक ऐड वायरल हो रहा है, जिसमें ऐसा दिखाया जा रहा है कि वो किसी स्लिमिंग प्रोडक्ट का प्रचार कर रही हैं.

लेकिन, सच्चाई ये है कि उस वीडियो में इस्तेमाल की गई आवाज उनकी नहीं है, बल्कि AI तकनीक से तैयार की गई नकली आवाज है. भारती ने वीडियो में साफ कहा कि उनके नाम से फैलाया जा रहा यह प्रमोशन पूरी तरह फर्जी है और लोग इस पर भरोसा न करें.

**मां ने भी पूछा भारती से सवाल**

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें कई मैसेज मिल रहे थे, जिनमें लोग उनसे पूछ रहे थे कि क्या वो सच में इस प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं या उसे प्रमोट कर रही हैं. लोगों का भरोसा देखकर भारती को खुद ये मामला सामने लाना पड़ा. भारती ने ये भी बताया कि जब ये वीडियो वायरल हुआ तो उनकी ने भी उन्हें भेजकर पूछा कि क्या यह सच है.

इस पर भारती ने साफ कहा कि ये सब एक बड़ा स्कैम है. उन्होंने अपने फैंस से अपील की कि ऐसे किसी भी ऐड या वीडियो पर भरोसा न करें, खासकर जब उसमें किसी सेलिब्रिटी की आवाज या चेहरा दिखाया जा रहा हो.

# करण जौहर की Dostana 2 से बाहर हुए लक्ष्य लालवानी? लीड एक्ट्रेस पर अभी भी सस्पेंस



इस साल कई फिल्मों के सीक्वल पर बन रहे हैं, जिनमें आवारापन 2, धुरंधर 2, भागम भाग 2, किक 2 और वेलकम टू द जंगल जैसी फिल्में शामिल हैं. इसी में साल 2008 में आई करण जौहर की 'दोस्ताना' भी शामिल है, जिसका सीक्वल बन रहा है. बीते काफी वक्त से 'दोस्ताना 2' चर्चा में हैं और लगातार इसकी कास्टिंग पर नए नए अपडेट सामने आ रहे हैं. बताया जा रहा था कि 'दोस्ताना 2' में लक्ष्य लालवानी, विक्रांत मैसी और सिनी शेट्टी दिखाई देंगे. हालांकि, अब ऐसी खबर सामने आई है कि लक्ष्य इस फिल्म से अलग हो सकते हैं और ऐसा क्यों, आइए जानते हैं.लक्ष्य लालवानी ने आर्यन खान की डायरेक्ट की हुई 2025 की नेटफ्लिक्स सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपनी एक्टिंग से सबका ध्यान खींचा था. इसके बाद उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट में 'दोस्ताना 2' का नाम शामिल था. लेकिन अब खबर है कि प्रोजेक्ट में नई देरी के बाद वो 'दोस्ताना 2' से दूर हो सकते हैं.




**लक्ष्य लालवानी होंगे बाहर?**

धर्मा प्रोडक्शंस की 'दोस्ताना 2' शुरू में कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर को लीड रोल में लेकर अनाउंस की गई थी. लेकिन प्रोफेशनल कंडीशन के चलते फिल्म को रीकास्ट किया गया और इसमें काफी देरी हो रही थी, जिसके बाद कार्तिक ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया था. सीक्वल की कास्टिंग में बदलावों के बाद उम्मीद थी कि लक्ष्य सीक्वल का हिस्सा बने रहेंगे. हालांकि, फिल्मफेयर की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोजेक्ट एक बार फिर डिले हो गया है और साथ ही लक्ष्य भी इस फिल्म से बाहर हो सकते हैं. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक्टर विक्रांत मैसी प्रोजेक्ट से जुड़े रहेंगे, भले ही कास्ट में बदलाव हो.

**विक्रांत मैसी 'दोस्ताना 2' का हिस्सा**

इसी रिपोर्ट में आगे बताया गया कि 'दोस्ताना 2' बन तो ही रही है, लेकिन अभी कास्ट फाइनल नहीं हुई है. अभी तक लक्ष्य के फिल्म से बाहर होने को लेकर कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आया है. आपको बता दें कि इससे पहले विक्रांत मैसी ने खुद अपने 'दोस्ताना 2' शामिल होने को कंफर्म किया था प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं दोस्ताना 2 कर रहा हूं. मैं अपनी पहली धर्मा मूवी कर रहा हूं. आप मुझे अच्छे डिजाइनर कपड़े पहने हुए देखेंगे. करण सर इस बात का ध्यान रखेंगे कि मैं अच्छे कपड़े और फैंसी सनग्लासेस पहनूं.

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सऊदी अरब की मदद के लिए रणभूमि में उतर सकता है पाकिस्तान

**रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है तो इस्लामाबाद के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आ सकती है। फिलहाल असीम मुनीर की कूटनीतिक सक्रियता इसी संतुलन को साधने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। आने वाले समय में पाकिस्तान का रुख यह तय करेगा कि पश्चिम एशिया का यह संकट कितना व्यापक रूप लेता है हालांकि सैन्य इतिहास पर नजर डालें तो पाकिस्तान की सेना आज तक किसी युद्ध में जीत हासिल नहीं कर सकी है। भारत के साथ हुए युद्धों सहित कई सैन्य टकरावों में पाकिस्तान को करारी हार ही मिली है।**

*पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के बीच पाकिस्तान एक बेहद जटिल सामरिक दुविधा में फंस गया है। सऊदी अरब और ईरान के बीच बढ़ते टकराव ने इस्लामाबाद के सामने यह कठिन सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वह अपने पुराने सहयोगी सऊदी अरब के साथ खड़ा होगा या फिर क्षेत्रीय संतुलन बनाये रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के सऊदी दौरे ने इस बहस को और तेज कर दिया है। दरअसल ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। इस संकट के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने रियाद में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की। इस बैठक में ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने साझा रक्षा समझौते के तहत संभावित कदमों पर विचार किया। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यदि पाकिस्तान सऊदी अरब का सैन्य समर्थन करता है तो वह सीधे ईरान के साथ टकराव की स्थिति में आ सकता है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पहले से ही अस्थिर है और ऐसे में नया संघर्ष उसके लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। मगर यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब का घनिष्ठ सहयोगी रहा है। सऊदी अरब ने आर्थिक सहायता और तेल आपूर्ति के माध्यम से कई बार पाकिस्तान की मदद की है। दूसरी ओर पाकिस्तान की ईरान के साथ लंबी सीमा लगती है और इन दोनों देशों के बीच भी सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े कई हित हैं। यही कारण है कि अब तक पाकिस्तान ने इस संघर्ष में सीधे शामिल होने से बचने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस्लामाबाद खुलकर सऊदी अरब के पक्ष में उतरता है तो इससे ईरान के साथ संबंध गंभीर रूप से बिगड़ सकते हैं और सीमा पर तनाव बढ़ सकता है। हम आपको बता दें कि इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी है। देश में सुन्नी और शिया समुदाय दोनों की बड़ी आबादी है। ईरान शिया बहुल देश है जबकि सऊदी अरब सुन्नी नेतृत्व वाला राष्ट्र है। ऐसे में यदि पाकिस्तान किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करता है तो देश के भीतर सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की आशंका भी रहेगी। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किये थे और गुस्साई भीड़ ने पाकिस्तान स्थित अमेरिकी मिशन पर हमला भी बोल दिया था। इसके बाद हालात काबू करने के लिये सुरक्षा बलों को कार्रवाई करनी पड़ी थी जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आयीं। इस घटना ने इस्लामाबाद की चिंता और बढ़ा दी है। पाकिस्तान की सरकार को आशंका है कि यदि वह खुलकर ईरान के खिलाफ सऊदी अरब के समर्थन में सेना उतारता है तो देश में मौजूद शिया समुदाय भड़क सकता है और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बिगड़ सकती है। इसी कारण पाकिस्तान की सरकार और सेना अब तक संतुलित नीति अपनाने की कोशिश करती रही है। इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक परमाणु शक्ति है और मुस्लिम देशों में उसकी सेना को काफी प्रभावशाली माना जाता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह वही परिपक्वता है जो किसी अर्थव्यवस्था को वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिर बनाए रखती है। आज भले खाड़ी क्षेत्र में चल रहा संघर्ष निश्चित रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। तेल बाजार की अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव दुनिया के कई देशों के लिए आर्थिक संकट पैदा कर रहे हैं। पर भारत के संदर्भ में स्थिति अलग है। मजबूत नीतियां, सक्रिय केंद्रीय बैंक, विविध ऊर्जा स्रोत, विशाल घरेलू बाजार और युवा कार्यबल ये सभी कारक भारत को वैश्विक संकटों के बीच भी आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं इसलिए यह समय घबराने का न होकर सावधानी और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने का है।**

# वैश्विक संघर्ष के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था
## ये संकट नहीं, सावधानी और अवसर का समय



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**बैंकिंग क्षेत्र का सुधार और कर प्रणाली की पारदर्शिता ने भारत को एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद विदेशी निवेश भारत की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि यह कहना भी गलत होगा कि खाड़ी क्षेत्र का संघर्ष भारत को बिल्कुल प्रभावित नहीं करेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि, महंगाई का दबाव और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।**

पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव इस समय विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विषय बन गया है। इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के इर्द-गिर्द बनती युद्ध जैसी स्थिति ने विश्व के वित्तीय बाजारों, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों को अस्थिर कर दिया है। हर बार देखने में यही आया है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, उसका सीधा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है। यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष लंबा भी चलता है तब भी भारत पर उसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत की आर्थिक नीतियां, संस्थागत ढांचा और बाजार की मजबूती अब वैश्विक संकटों का सामना करने में सक्षम हो चुकी है। सावधानी, तैयारी और नीति-निर्माताओं की सक्रियताखाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय नीति-निर्माता पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय बाजारों में स्थिरता बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड यानी जी-सेक की यील्ड को संतुलित रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है, जिससे वित्तीय प्रणाली में घबराहट पैदा न हो। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित किया गया है और उसे 92 के स्तर से नीचे बनाए रखने में सफलता हासिल की गई है। वस्तुतः यह कदम बता रहा है कि भारत की केंद्रीय बैंकिंग व्यवस्था वैश्विक संकटों को समझते हुए समय पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। आज भारत के पास लगभग 600 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को सहने की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा सोने का भंडार भी लगातार बढ़ाया जा रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार में इसका हिस्सा लगभग 17.6 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह भी एक तरह की आर्थिक सुरक्षा ढाल है। तेल संकट की चुनौती और भारत की रणनीतिखाड़ी क्षेत्र का सबसे बड़ा महत्व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। यदि यहां कोई बाधा उत्पन्न होती है तो तेल की कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। वर्तमान स्थिति में ब्रेंट क्रूड लगभग 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई लगभग 89 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार यदि तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होती है तब जरूर भारत के चालू खाते के घाटे पर कुछ दबाव पड़ सकता है, लेकिन यहां यह समझना भी जरूरी है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा रणनीति को काफी विविधतापूर्ण बना लिया है। रूस से कच्चे तेल की खरीद, दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंध और रणनीतिक तेल भंडार जैसी व्यवस्थाएं भारत को अचानक आने वाले संकटों से काफी हद तक बचाती हैं। वैश्विक विकास का नया केंद्र बन रहा भारतअंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य एशिया, विशेष रूप से भारत और चीन के हाथों में है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में वैश्विक वास्तविक जीडीपी वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 17 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह आंकड़ा उस आर्थिक परिवर्तन का संकेत है जो पिछले एक दशक में भारत में हुआ है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए भी 6.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। इसके मुकाबले अमेरिका का योगदान लगभग 9.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जबकि कई यूरोपीय अर्थव्यवस्थाएं धीमी वृद्धि से जूझ रही हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है। जनसंख्या दबाव नहीं, विकास का अवसरभारत की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते समय अक्सर जनसंख्या को एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह सही है कि भारत की जनसंख्या बहुत बड़ी है, किंतु यह भी उतना ही सच है कि यही जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति भी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा कार्यबल रखने वाला देश है। यह युवा आबादी उत्पादन, उपभोग और नवाचार तीनों क्षेत्रों में नई ऊर्जा प्रदान करती है। भारत में हर वर्ष लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। स्टार्ट-अप संस्कृति, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण क्षेत्र में निवेश और सेवा क्षेत्र की तेजी से बढ़ती गतिविधियां रोजगार सृजन के नए रास्ते खोल रही हैं। वैश्विक कंपनियां भी चीन के बाद अब भारत को अपने नए उत्पादन केंद्र के रूप में देख रही हैं। 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में निवेश बढ़ा रही हैं। वैश्विक बाजार में भारत की स्थिर छविवैश्विक संकट के दौर में निवेशक हमेशा ऐसे देशों की तलाश करते हैं जहां आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता हो। भारत इस समय उसी श्रेणी में खड़ा दिखाई देता है। विश्व की कई रेटिंग एजेंसियां और आर्थिक संस्थान लगातार इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि भारत की आर्थिक नींव मजबूत है। बुनियादी ढांचे में तेजी से निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार, बैंकिंग क्षेत्र का सुधार और कर प्रणाली की पारदर्शिता ने भारत को एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद विदेशी निवेश भारत की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि यह कहना भी गलत होगा कि खाड़ी क्षेत्र का संघर्ष भारत को बिल्कुल प्रभावित नहीं करेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि, महंगाई का दबाव और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं लेकिन भारत की आर्थिक संस्थाएं इन चुनौतियों को समझते हुए पहले से तैयारी कर रही हैं। आरबीआई की सतर्क नीति, सरकार की ऊर्जा रणनीति और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार भारत को इन परिस्थितियों में संतुलित बनाए रखते हैं।



**स्टार्ट-अप संस्कृति, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण क्षेत्र में निवेश और सेवा क्षेत्र की तेजी से बढ़ती गतिविधियां रोजगार सृजन के नए रास्ते खोल रही हैं। वैश्विक कंपनियां भी चीन के बाद अब भारत को अपने नए उत्पादन केंद्र के रूप में देख रही हैं।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 12:00 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाषाढ़ा 15:03 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | व्यातीपात, 10:31 |
| सूर्योदय: | 06:41 |
| सूर्यास्त: | 18:31 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 11:07-12:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:12-12:59 |

## जन एक्सप्रेस

### बनी होली काल !

*पीट पीट कर मार दिया ।*
*बनी होली काल ।।*
*जा रहा समाज किधर ?*
*है बड़ा सवाल ।।*
*पानी के गुब्बारे ने ।*
*ले ली आखिर जान ।।*
*खून के हम प्यासे हैं ।*
*घटती हर पल शान ।।*
*उत्तम नगर दिल्ली का ।*
*है चर्चा में आया ।।*
*मार डाला तरुण को ।*
*घटना ने रूलाया ।।*
*बोलबाला नफरत का ।*
*वहशी बना समाज ।।*
*जीवन भर का दर्द मिला ।।*
*घर में मातम आज ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रेग्नेंसी से पहले विटामिन डी लेना जरूरी है

**मौजूदा** समय में ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है, जिन्हें कंसीव करने में दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए डॉक्टर यह सलाह देते हैं कि अगर कोई महिला कंसीव करना चाहती है, तो उन्हें अपनी डाइट और जीवनशैली में जरूर बदलाव करने चाहिए। जंक और प्रोसेस्ड फूड को पूरी तरह अपनी डाइट से निकाल बाहर करना चाहिए, नियमित रूप से एक्सरसाइज करना चाहिए और अपना नींद के तौर-तरीकों में भी बदलवा करना चाहिए। कभी भी लंबे समय तक नहीं जगना चाहिए। ध्यान रखें कि सही स्लीप साइकिल आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कई विशेषज्ञ यह सलाह भी देते हैं कि प्रेग्नेंसी से पहले विटामिन डी लिया जाना चाहिए। इससे कंसीव करने में मदद मिलती है।



**फर्टिलिटी में सुधार:** अक्सर उन महिलाओं को कंसीव करने में दिक्कत आती है, जिन्हें फर्टिलिटी से संबंधित समस्या होती है। इस तरह की परेशानी पीसीओएस आदि से ग्रस्त महिलाओं में देखी जाती है। प्रेग्नेंसी प्लान कर रही महिलाओं को विटामिन डी लेना चाहिए। इससे फर्टिलिटी सुधार होता है, जिससे कंसीव करने की संभावना दर बढ़ती है। हृष्ट्रब्र्ह्र की एक रिपोर्ट से भी ये बात साबित होती है कि प्रेग्नेंसी और फर्टिलिटी पर बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए जो महिलाएं कंसीव करना चाहती हैं, वे विटामिन डी सप्लीमेंट को डॉक्टर की सलाह पर रेगुलरली ले सकती हैं।

**मिसकैरेज के रिस्क में कमी:** कई महिलाएं कंसीव तो कर लेती हैं, लेकिन बार-बार मिसकैरेज हो जाता है। इसके पीछे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जिम्मेदार हैं। ऐसी महिलाओं को मिसकैरेज के जोखिम को कम करने के लिए डॉक्टर की सलाह पर विटामिन डी सप्लीमेंट लेना चाहिए। विशेषज्ञों की मानें, तो विटामिन डी सप्लीमेंट लेने से महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य को लाभ मिलता है, जिससे मिसकैरेज का जाखिम कम होता है।

**जेस्टेशनल डायबिटीज के रिस्क में कमी:** आपको यह जानकर हैरानी हो सकती है कि जो महिलाएं कंसीव करने की कोशिश कर रही हैं, उन्हें विटामिन इसलिए भी लेना चाहिए ताकि प्रेग्नेंसी के दौरान जेस्टेशनल डायबिटीज का जोखिम कम हो। असल में विटामिन डी इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करता है और रक्त में कैल्शियम के स्तर को स्थिर बनाने में भी मदद करता है। विटामिन डी प्रेग्नेंसी के दौरान ग्लूज के स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद करता है।

**बेहतर इम्यूनिटी:** कहने की जरूरत नहीं है कि इम्यूनिटी बेहतर होती है, तो बीमार होने का जोखिम अपने आप कम हो जाता है। जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है, तो उनके शरीर के सभी ऑर्गन अच्छी तरह से काम करते हैं। प्रेग्नेंसी कंसीव करने की चाह रखने वाली महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है कि उनका स्वास्थ्य पूरी तरह सही रहे। इससे न सिर्फ कंसीव करने में मदद मिलती है, बल्कि इंप्लांटेशन प्रक्रिया भी आसानी से हो जाती है। इन सबमें विटामिन डी सप्लीमेंट का अहम योगदान होता है।

**कॉम्प्लीकेशन में कमी:** प्रेग्नेंसी की चाह रखने वाली महिलाओं को विटामिन डी का सेवन इसलिए भी करना चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सके।

### एक्सप्रेस विशेष

# दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब



**मनोज कुमार मिश्र**

**कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आआपा को साल 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी।**

**केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। 13 सितंबर, 2024 को उन्हें जमानत मिली। वे 156 दिन और सिसोदिया 530 दिन जेल में रहे। 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल समेत सभी को आरोप मुक्त कर दिया। हाई कोर्ट ने इसके खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई शुरु कर दी है।**

**शराब** घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी। आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है। शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बीसलपुर में होली का महासंगम: दिव्या गंगवार के नेतृत्व में जुटेगा जनसैलाब

- सपा महिला राष्ट्रीय सचिव दिव्या प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में तीसरी बार होगा आयोजन
- पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे मौजूद




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

रंगों और उल्लास के पर्व होली के अवसर पर 15 मार्च को बीसलपुर में भव्य होली मिलन समारोह एवं चौपाई समागम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में अभी से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से समारोह में शामिल होकर इसकी गरिमा बढ़ाने की अपील की है। समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग भी समारोह में मौजूद रहेंगे। आयोजकों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होकर होली की खुशियां साझा करेंगे। होली मिलन समारोह के साथ आयोजित होने वाला चौपाई समागम कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसमें रामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नैतिक मूल्यों का संदेश प्रसारित होगा।

### समाजसेवा और जनसंपर्क से बनाई अलग पहचान



समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव और बीसलपुर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रदीप गंगवार ने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों और जनसंपर्क के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर उनकी सक्रियता अक्सर चर्चा में रहती है। एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के बाद उनका नाम प्रदेश स्तर तक चर्चाओं में आया था। इस पहल की सराहना समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी की थी। पिछले नौ वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़ी दिव्या गंगवार क्षेत्र में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों और सामुदायिक आयोजनों के माध्यम से लगातार सक्रिय रही हैं। उनके पति समाजसेवी चौधरी प्रदीप सिंह पटेल भी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनके द्वारा संचालित ईस कला फाउंडेशन की ओर से सावन माह में हर सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की जाती है। आयोजकों ने बताया कि 15 मार्च को बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग स्थित उनके आवास के निकट आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि होली का यह पर्व प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया जा सके।

### प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

आयोजन समिति के अनुसार बीसलपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आने वाले चौपाई गायन दलों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया जाएगा। परंपरा के अनुसार उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इससे स्थानीय कलाकारों और पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। दिव्या प्रदीप गंगवार ने कहा कि होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# सियासत का मौसम गरम: चुनाव आते ही मंचों पर गूंजने लगी गंगा-जमुनी तहजीब

- चुनाव करीब और बढ़े सामाजिक आयोजन, जनता पूछ रही अब क्यों याद आई समस्याएं?

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**




**पीलीभीत।** जिले की सियासत में इन दिनों एक जाना-पहचाना नजारा फिर उभरने लगा है। जैसे-जैसे 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट करीब आ रही है, वैसे-वैसे सामाजिक और धार्मिक आयोजनों की चहल-पहल भी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। होली मिलन से लेकर रोजा इफ्तार तक के कार्यक्रमों की संख्या अचानक बढ़ गई है। मंचों से भाईचारे, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की बातें भी पहले से कहीं ज्यादा सुनाई देने लगी हैं।

शहर में 13 मार्च को प्रस्तावित एक बड़े रोजा इफ्तार कार्यक्रम को भी इसी राजनीतिक माहौल से जोड़कर देखा जा रहा है। बेलो वाला चौराहा स्थित निशात मैरिज हॉल में होने वाले इस कार्यक्रम की मेजबानी समाजवादी पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता सुधीर तिवारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अताउर रहमान के शामिल होने की चर्चा है, जबकि व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी इज़हार मालिक और अखलाक अंसारी संभाल रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस आयोजन को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी सुनाई दे रही हैं। कई लोगों का कहना है कि चुनावी मौसम नजदीक आते ही नेताओं को अचानक समाज की एकता, गंगा-जमुनी तहजीब और जनता की समस्याएं पहले से ज्यादा याद आने लगती हैं। यही वजह है कि होली मिलन और इफ्तार जैसे आयोजनों की रौनक भी चुनावी साल में कुछ ज्यादा ही दिखाई देने लगती है। दरअसल लोकतंत्र की राजनीति में यह एक पुराना लेकिन दिलचस्प सच भी बन चुका है। चुनाव से पहले नेताओं की सक्रियता अचानक बढ़ जाती हैं। सड़क, पानी, रोजगार और विकास के मुद्दे फिर से भाषणों और आयोजनों के केंद्र में आ जाते हैं। जिन समस्याओं पर लंबे समय तक सन्नाटा रहा, वे अचानक जनसभाओं और मंचों से जोर-शोर से उठने लगती हैं। इसी बीच जिले की राजनीति में हाल के दिनों में कुछ बड़े घटनाक्रम भी हुए हैं। पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू के बसपा छोड़कर सपा में शामिल होने और पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा की पार्टी में वापसी ने स्थानीय सियासत के समीकरणों को नया रंग दे दिया है। इन घटनाओं के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है कि 127 विधानसभा क्षेत्र में आने वाले समय में दावेदारी की होड़ और भी तेज हो सकती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बड़े नेताओं की एंट्री और वापसी के बाद पार्टी के भीतर नई हलचल होना स्वाभाविक है। ऐसे में कई नेता सामाजिक कार्यक्रमों, होली मिलन और इफ्तार जैसे आयोजनों के माध्यम से अपनी सक्रियता दिखाकर जमीन मजबूत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। हालांकि क्षेत्र की राजनीति में कुछ ऐसे चेहरे भी चर्चा में रहते हैं जो लंबे समय से लगातार सामाजिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क के जरिए लोगों के बीच सक्रिय रहे हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आरिफ और पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी का नाम अक्सर इसी संदर्भ में लिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजा इफ्तार, होली मिलन और ईद के अवसर पर जरूरतमंदों को कपड़े वितरण जैसे कार्यक्रम उनके द्वारा वर्षों से आयोजित किए जाते रहे हैं और इस वर्ष भी ऐसे कार्यक्रम पहले की तरह जारी हैं। असल सवाल यही है कि क्या चुनावी मौसम में बढ़ी यह सक्रियता केवल मंचों और आयोजनों तक सीमित रहेगी, या फिर जनता की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान तक भी पहुंचेगी। क्योंकि अब मतदाता पहले की तुलना में कहीं ज्यादा सजग हो चुका है। वह केवल भाषणों और आयोजनों से नहीं, बल्कि काम के आधार पर भी नेताओं को परखने लगा है। यही वजह है कि चुनावी मौसम की इस बढ़ती हलचल के बीच जनता भी चुपचाप सब कुछ देख-समझ रही है। गंगा-जमुनी तहजीब, भाईचारा और विकास की बातें अगर केवल चुनावी मंचों तक सीमित रहीं तो शायद उनका असर सीमित ही रहेगा। लेकिन अगर यह भावना जमीन पर भी दिखाई दी, तो वही सियासत की असली जीत मानी जाएगी वरना चुनावी मौसम के साथ यह हलचल भी धीरे-धीरे ठंडी पड़ जाती है।

# एलपीजी से चलने वाले वाहनों पर सख्ती, पेट्रोल से संचालन के निर्देश, आज से विशेष अभियान

- घरेलू सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग और बिना अनुमति एलपीजी किट पर होगी कड़ी कार्रवाई, वाहन भी हो सकता है सीज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद में एलपीजी का अवैध रूप से वाहनों में उपयोग रोकने के लिए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) वीरेन्द्र सिंह ने सभी एलपीजी युक्त वाहन स्वामियों और चालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आगामी आदेशों तक एलपीजी से संचालित होने वाले वाहनों का संचालन एलपीजी के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन यानी पेट्रोल से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में वाहनों का संचालन एलपीजी ईंधन पर नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई वाहन एलपीजी से संचालित होता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने घरेलू एलपीजी सिलेंडरों से वाहनों में गैस भरने की अवैध गतिविधियों को लेकर भी चेतावनी जारी की है। अधिकारियों के अनुसार कई स्थानों पर घरेलू सिलेंडरों से वाहनों में गैस भरने की शिकायतें मिल रही हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। यदि कोई व्यक्ति घरेलू सिलेंडर से वाहनों में एलपीजी रिफिलिंग करते या करवाते पाया गया तो गैस भरने वाले और भरवाने वाले दोनों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

> सुरक्षा मानकों और नियमों के तहत वाहनों में एलपीजी का अवैध उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।
>
> 
>
> 'सभी वाहन स्वामी यह सुनिश्चित करें कि वाहन का संचालन स्वीकृत ईंधन से ही किया जाए। घरेलू सिलेंडरों से गैस भरना या अवैध एलपीजी किट लगाकर वाहन चलाना गंभीर उल्लंघन है। यदि कोई ऐसा करते पाया गया तो वाहन सीज करने और पंजीयन निलंबित करने सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।'
>
> -वीरेन्द्र सिंह
> सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी।

### अवैध एलपीजी किट वाले वाहनों पर भी नजर: आज से चलेगा अभियान

परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन वाहनों में बिना अनुमति एलपीजी किट लगाकर संचालन किया जा रहा है, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे वाहन सड़क पर चलते पाए जाने पर उनका पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा सकता है। इन निर्देशों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा शुक्रवार से पूरे जनपद में विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान सड़कों पर वाहनों की सघन जांच की जाएगी। यदि कोई वाहन एलपीजी पर संचालित होता मिला या कहीं भी अवैध रूप से एलपीजी रिफिलिंग होती पाई गई तो संबंधित वाहन को मौके पर ही सीज (जब्त) करने की कार्रवाई की जाएगी।

# पुत्र होने की दवा के बहाने बाबा ने महिला से किया दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

- झाड़-फूंक कराने पहुंचे दंपति को झांसा देकर कमरे में ले गया आरोपी, पति व सास को बाहर भेजकर वारदात को दिया अंजाम
- पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

पुत्र प्राप्ति की चाह में झाड़-फूंक कराने गई एक महिला के साथ कथित बाबा द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूरनपुर क्षेत्र के एक युवक अपनी पत्नी और मां के साथ पुत्र प्राप्ति की दवा लेने के उद्देश्य से घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक कथित बाबा के पास पहुंचे थे। बताया जाता है कि बाबा ने पहले उन्हें एक धार्मिक स्थल पर पूजा-पाठ कराने के लिए ले जाकर कुछ अनुष्ठान कराए।इसके बाद बाबा ने युवक से किसी रिश्तेदार के घर चलने की बात कही। इस पर युवक बाबा को लेकर पास के एक गांव में अपने रिश्तेदार के घर पहुंच गया। आरोप है कि वहां बाबा ने दवा देने की बात कहकर महिला के पति और सास को किसी बहाने से घर से बाहर भेज दिया।पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद बाबा उसे दवा देने के बहाने कमरे के अंदर ले गया, जहां उसने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने इसे किसी धार्मिक क्रिया का हिस्सा बताकर महिला को किसी से भी इस बारे में न बताने की हिदायत दी।

घर लौटने के बाद महिला काफी सहमी और गुमसुम रहने लगी। परिवार के लोगों के पूछने पर उसने पूरी घटना की जानकारी दी, जिससे परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद महिला अपने पति के साथ घुंघचाई थाने पहुंची और पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाबा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दरोगा भर्ती परीक्षा से पहले पुलिस की सख्ती, पीलीभीत के परीक्षा केन्द्रों पर कराया गया मॉक ड्रिल





- एएसपी विक्रम दहिया ने कई केन्द्रों का किया दौरा, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी पर दिया विशेष जोर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आगामी उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को शहर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस प्रशासन ने मॉक ड्रिल कर व्यवस्थाओं का परीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी और स्थानीय पुलिस बल के साथ कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीएम श्री ड्रमण्ड इंटर कॉलेज, सिद्दीकी नेशनल इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज तथा उपाधि महाविद्यालय समेत कई परीक्षा केन्द्रों पर तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की क्षमता और केन्द्रों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली।

### सीसीटीवी और सुरक्षा घेरे पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान केन्द्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित हों, ताकि परीक्षा के दौरान हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा अभ्यर्थियों के प्रवेश व निकास मार्ग, चेकिंग प्वाइंट, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा केन्द्रों के आसपास यातायात व्यवस्था को भी परखा गया। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति न बनने पाए।

### पुलिस और प्रशासन की संयुक्त तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दिन सभी केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले सघन जांच की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि दरोगा भर्ती परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और शांति के साथ सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है और संबंधित अधिकारियों को पहले से ही आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

# व्यापारियों की समस्याओं को लेकर की बैठक

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के नेतृत्व में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के छोटे-छोटे ठेली, रेडी, होटल व अन्य व्यापारियों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। व्यापारियों ने मुख्य रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी, ट्रेनों के संचालन की समस्या तथा माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया। बैठक में क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित कई व्यापारी पदाधिकारी और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध न होने से होटल और ठेली-रेडी संचालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों को परेशानी होती है। इसलिए वहां ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की गई। इस पर विधायक बाबूराम पासवान ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए बताया कि वह रेल संचालन के मुद्दे को लेकर पहले ही रेल मंत्री से मुलाकात कर चुके हैं। उन्होंने जल्द रेल संचालन शुरू कराने और माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पत्र भी सौंपा है। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की समस्या पर भी चर्चा करते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# गैस सिलिंडर बुकिंग में तकनीकी बाधा से उपभोक्ता परेशान

- ओटीपी न आने से नहीं हो पा रही ऑनलाइन बुकिंग, एजेंसियों पर लगी भीड़, अफसर बोले जल्द सुधरेगा नेटवर्क

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिले में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर प्रशासन भले ही स्थिति सामान्य बता रहा हो, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान ओटीपी न मिलने की समस्या के चलते लोग गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, फिर भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। शहर के साथ-साथ जहानाबाद, बीसलपुर और पूरनपुर समेत जिले के विभिन्न कस्बों में यह समस्या सामने आ रही है। बृहस्पतिवार को जहानाबाद स्थित गैस एजेंसी पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे। लोगों का कहना था कि बार-बार प्रयास करने के बावजूद मोबाइल पर बुकिंग का ओटीपी नहीं आ रहा, जिस कारण सिलिंडर जारी नहीं किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या चार लाख से अधिक बताई जा रही है, जबकि कमर्शियल गैस लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या भी सैकड़ों में है। ऐसे में बुकिंग व्यवस्था में आई तकनीकी बाधा का असर बड़ी संख्या में लोगों पर पड़ रहा है। इधर, कुछ स्थानों पर गैस की मांग बढ़ने का फायदा उठाकर कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आई हैं। बीसलपुर क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सिलिंडर अधिक कीमत पर बेचने की चर्चाएं हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि समस्या नेटवर्क संबंधी है और यह तकनीकी स्तर पर उत्पन्न हुई है। उम्मीद है कि जल्द ही नेटवर्क सामान्य हो जाएगा, जिसके बाद बुकिंग प्रक्रिया सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी। जिले में कुल 39 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें से छह से अधिक एजेंसियां जिला मुख्यालय पर स्थित हैं। जिले में करीब 4.68 लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं, जबकि व्यावसायिक गैस उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 678 बताई जाती है। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जिले में गैस सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने के लिए ओटीपी आधारित व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग या अन्य अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अफवाहों पर प्रशासन की नजर

गैस सिलिंडरों को लेकर फैल रही अफवाहों को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पुलिस लाइन में एएसपी विक्रम दहिया की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संचालकों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन उपलब्ध स्टॉक और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखें तथा उपभोक्ताओं को नियमानुसार केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही सिलिंडर उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही एजेंसियों से जुड़े हॉकरों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कालाबाजारी, कम तौल या अवैध रिफिलिंग जैसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# अंकुर राइस मिल में लगा विधिक साक्षरता शिविर, लोक अदालत व कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

- 14 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित निस्तारण की अपील, दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक किया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद में आम लोगों को कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को तहसील सदर क्षेत्र स्थित अंकुर राइस मिल परिसर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज रविन्द्र कुमार के निर्देशन में किया गया।शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सतीश कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोग अपने लंबित मामलों का त्वरित और सुलभ निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के दुष्परिणामों पर भी चर्चा की गई और लोगों को इस कुरीति के खिलाफ जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न योजनाओं और कानूनी अधिकारों से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की सदस्य वविता सक्सेना, वृद्धाश्रम से जुड़े सदस्य परवेज हनीफ, थाना सुनगढ़ी की उपनिरीक्षक मोनिका चौधरी तथा एलएडीसीएस की चीफ अधिवक्ता सुमन गुप्ता समेत कई विभागों के अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। उपनिरीक्षक मोनिका चौधरी ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता सुमन गुप्ता ने दहेज प्रथा से जुड़े कानूनों और इसके खिलाफ होने वाली कानूनी कार्रवाई पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी मनोज कुमार शर्मा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कानूनी जानकारी प्राप्त की।

# व्यापार मंडल की बैठक में शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह की रूपरेखा तय




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- 18 मार्च को होगा भव्य आयोजन, व्यापारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का लिया संकल्प

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक ओम लोन में आयोजित की गई, जिसमें कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि शर्मा ने की, जबकि संचालन नगर महामंत्री हरिपाल यादव ने किया। बैठक में आगामी 18 मार्च को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों को सौंपी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टलानी और जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और व्यापारियों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत उसके सदस्यों की सक्रियता और एकता में निहित है। उनके मार्गदर्शन से बैठक में मौजूद व्यापारियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली। बैठक में नगर इकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 18 मार्च के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, कोषाध्यक्ष प्रतिपाल सिंह, उमेश पटेल, हरदीप सिंह ढिल्लो, हर्षल जैसवार, डब्बू पटेल, शोभित द्विवेदी, पारस शर्मा, प्रतीक सक्सेना, मोहित सहगल, अमित गुप्ता, सपन मिश्रा तथा नीरज कुमार सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# रसोई गैस की किल्लत की आशंका देखर लोगों में चिंता का माहौल बना

जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)




अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव और युद्ध संबंधी खबरों के बीच क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत की आशंका को लेकर लोगों में चिंता का माहौल बन गया है। बुकिंग के दौरान सर्वर व ओटीपी न आने से भी उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ता अग्रिम रूप से गैस सिलेंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जिससे वहां भीड़ बढ़ने लगी है।

अधिवक्ता उमेश दीक्षित, विनय निगम, अशफाक राईन, आशीष सोनी, राहुल उटगेरकर आदि का कहना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई तो रसोई का कामकाज प्रभावित हो सकता है। इसी आशंका के कारण कई उपभोक्ता अपने वाहनों से एजेंसियों पर पहुंचकर अपने अपने सिलिंडर भरवाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि भविष्य में उन्हें रसोई गैस को लेकर परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर में लौना रोड स्थित जालौन गैस सर्विस (इंडेन) पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग लाइन में लगकर अपने गैस सिलेंडर भरवाने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान तकनीकी दिक्कत भी सामने आ रही है। सर्वर सही तरह से काम न करने के कारण उपभोक्ताओं के नंबर नहीं लग पा रहे हैं और ओटीपी भी प्राप्त नहीं हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और एजेंसी परिसर में भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में एजेंसी संचालक प्रभुदयाल भाटिया ने बताया कि एजेंसी पर फिलहाल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि सर्वर में आई तकनीकी समस्या के कारण उपभोक्ताओं के नंबर और ओटीपी में दिक्कत आ रही है। जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग सफल हो जाती है, उन्हें गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वर की समस्या के बारे में अधिकारियों को सूचित किया गया है।

## एसडीएम ने दिलाया भरोसा प्रत्येक उपभोक्ता को मिलेगा गैस सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस/कालपी (जालौन)।** गुरुवार को उप जिलाधिकारी की अगुवाई में एलपीजी गैस एजेंसियों के परिसर में निरीक्षण किया तथा गैस एजेंसी संचालक तथा उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित किया गया। एसडीएम ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि एलपीजी गैस के सिलेंडर का पर्याप्त भंडारण है एवं सुगमता से गैस सिलेंडर उपलब्ध कारण जाने की व्यवस्था कर दी गई है। एसडीएम ने बताया कि कस्बा कालपी स्थित भारत गैस एजेंसी की चेकिंग कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, सप्लाई इंस्पेक्टर प्रफुल्ल कुमार मिश्र, क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार उत्तम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया स्टॉक चेक किया गया, पर्याप्त भंडारण है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने उपभोक्ताओं तथा जनता से संवाद स्थापित करते हुये समझाया गया कि नम्बर लगने के दो दिनों के अंदर एजेंसी संचालक के द्वारा होम डिलीवरी करायी जाएगी।

## दीवार का निर्माण पड़ोसिया ने रुकवाया, पूंछने पर कर दी मारपीट

**जन एक्सप्रेस/जालौन (उरई)।** घर के बाहर की दीवार निर्माण करा रहे व्यक्ति को पड़ोसियों ने रोक दिया। कारण पूंछने पर पिता व बेटे की पिटाई कर धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहजादपुरा निवासी गौरव सिंह ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की सुबह वह अपने घर की दीवार का निर्माण कार्य करा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान ही गांव के भानुप्रताप, अजय प्रताप, शिवम सिंह, आदेश सिंह वहां आ गए और निर्माण कार्य कराने से रोकने लगे। जब उसने कारण पूछा तो गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने लाठी, डंडों से पिटाई शुरू कर दी। उसे पिटता देखकर पिता रामप्रताप सिंह बचाने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। पिटाई के बाद सभी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दो है।

# महायज्ञ एवं भजन संध्या के साथ 20 वाँ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



शहर के औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी स्थित श्री मंगलकारी बालाजी महाराज मंदिर का दो दिवसीय 20वाँ वार्षिकोत्सव बड़े धूम धाम से भक्तिमय भजन संध्या एवं महायज्ञ में आहुतियों के साथ सम्पन्न हुआ जहाँ हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों की भीड़ ने न केवल बालाजी महाराज के दर्शन किये वहीं दिव्य एवं भव्य प्रसाद का भी आनंद लिया।

मंगलवार प्रातः कालीन बेला में तालानगरी के फेस 2 में स्थित श्री मंगलकारी बालाजी मंदिर परिसर में पाँच कुण्डीय यज्ञ में वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में आचार्य गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री सहित अन्य विद्वान आचार्यों ने मुख्य यजमान शहर के प्रमुख उद्योगपति धनजीत बाड्रा जी से प्रधान कुंड में आहुतियाँ दिलवायीं वहीं अन्य कुंड पर बैठे भक्तों ने भी बालाजी महाराज का पूजन अर्चन कर आहुतियाँ छोड़ी। मंदिर के वार्षिकोत्सव एवं महायज्ञ के विषय में जानकारी देते हुए स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि बालाजी की महिमा अपरम्पार है, कुछ समय पहले जहाँ तालानगरी केवल उद्योगों के लिए जाना जाता था परन्तु श्री मंगलकारी बालाजी महाराज की अनुकम्पा से अलीगढ शहर ही नहीं बल्कि देश भर से अनेकों भक्त प्रतिवर्ष यहाँ आयोजन में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है कि महानगर की ख्याति निरंतर धार्मिक आयोजनों के चलते वैश्विक पटल पर भी देखने को मिलेगी, क्योंकि श्री मंगलकारी बालाजी महाराज को समर्पित यह महायज्ञ नकारात्मक ऊर्जाओं और कष्टों से मुक्ति देकर सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना की पूर्ति करेगा।

महायज्ञ के उपरांत कलाकारों द्वारा मेवाओं से निर्मित छप्पन भोग बंगला का दिव्य दर्शन प्रारंभ हुआ जिसका शुभारम्भ क्क्द्धष्ट के चेयरमेन श्री श्याम गोपाल जी द्वारा किया गया। मेवाओं से निर्मित इस बंगला की अद्भुत छटा श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर रही थी। दोपहर 3=00 बजे से आरंभ हुए विशाल भंडारे में भारी मात्रा में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया जो कि मध्यरात्रि तक अनवरत चला। सांयकालीन बेला में एक शाम श्री बालाजी के नाम से भव्य भजन संध्या में मंचासीन कलाकारों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गयी जहां भक्तों की भीड़ थिरकने को मजबूर हो गयी उसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध फूलों की होली भी की गयी। अंत में बालाजी महाराज की महाआरती की गयी।इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, मुकुल मित्तल, दिनेश मित्तल, आकाश वार्ष्णेय, ललित दीवान, संजीव कंटक, अंश मित्तल, संजय बंसल, विमल गर्ग, महादेव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश, अजय गुप्ता, कपिल अग्रवाल, गोविंद वार्ष्णेय, संजय गुप्ता,अरुण वार्ष्णेय, राहुल गुप्ता, अक्षय गुप्ता, कीर्ति मित्तल, रागिनी अग्रवाल, सुजाता मित्तल, तन्वी अग्रवाल और सीमा अग्रवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश की टॉप-5 रैंकिंग में शामिल हुआ जनपद जालौन


जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)

जनपद जालौन ने शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप-5 रैंकिंग में स्थान बनाया है। नवीनतम जारी रैंकिंग के अनुसार सीएम डैशबोर्ड में जनपद जालौन ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जो जनपद के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

वहीं जन शिकायतों के समाधान के लिए संचालित आईजीआरएस प्रणाली में भी जनपद ने बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस क्रम में जनपद की माधौगढ़ तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सीएम डैशबोर्ड की विभागीय रैंकिंग में विकास विभाग को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि राजस्व विभाग को 15वां स्थान मिला है। इन सभी विभागों के समन्वित प्रयासों के आधार पर ओवरऑल प्रदर्शन में जनपद जालौन प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में शामिल हो गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सभी विभागों की टीमवर्क, जिम्मेदारी और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को आगे भी प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाया जा सके।

# 14 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं 108 कन्याभोज के साथ होगा नवसंवत्सर का आरंभ

जन एक्सप्रेस। अलीगढ



सामान्यतः माँ दुर्गा की पूजा अर्चना हेतु वर्ष में चार बार चैत्र,आषाढ़,आश्विन और माघ महीने में नवरात्रि पर्व मनाया जाता है। इनमें आषाढ़ और माघ की नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है। वैदिक सनातन में नवसंवत्सर का आरंभ चैत्र नवरात्रि से होने के कारण यह अत्यंत पवित्र और शुभ पर्व माना जाता है। इस बार चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च से हो रहा है। साथ ही प्रकृति में अद्भुत छटाओं के साथ नववर्ष का आरंभ भी इस दिन होगा।

नवरात्रि पर्व से जुड़ी जानकारी देते हुए वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि माँ दुर्गा की आराधना को समर्पित पवित्र नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस बार ज्योतिषीय महत्व के अनुसार कलश स्थापना के दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं, इसके साथ ही लगभग 72 वर्षों बाद कलश स्थापना अमावस्या तिथि में की जाएगी।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को प्रातः 06=52 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन 20 मार्च को प्रातः 04=30 मिनट तक रहेगी।प्रायः नवरात्रि का आरंभ प्रतिपदा तिथि से माना जाता है, लेकिन इस बार सूर्योदय अमावस्या तिथि में होने के कारण उसी दिन से कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना शुरू की जाएगी वहीं 19 मार्च को कलश स्थापना के लिए दो विशेष शुभ मुहूर्त बन रहे हैं,पहला शुभ समय प्रातः 06=31मिनट से 08=00 मिनट तक रहेगा। इसके बाद प्रातः 12=28 दोपहर से 15=26 मिनट तक रहेगा। इन शुभ मुहूर्त में देवी दुर्गा के पूजन अर्चन हेतु कलश स्थापना करके जप तप अनुष्ठान प्रारंभ कर सकते हैं। स्वामी जी ने कहा कि इस बार नवरात्रि के पहले दिन ग्रह नक्षत्रों का भी विशेष संयोग बन रहा है। 19 मार्च को शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग एक साथ रहेंगे, पहले दिन इन शुभ योगों का रहना इस बार नवरात्रि पर्व को विशेष बना रहा है,मान्यता है कि इन योगों के दौरान देवी की पूजा, मंत्र जाप और साधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का मार्ग खुलता है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के सचिव आचार्य गौरव शास्त्री ने नवरात्रि अनुष्ठान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शहर के धार्मिक अनुयायिओं के लिए इस बार अत्यंत हर्ष का विषय है कि जी.टी रोड चिकावटी स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान के नवनिर्मित आश्रम पर भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए अलीगढ महानगर में नवरात्रि महापर्व एवं नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में चौदह दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन एवं 108 कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आस्था के इस महा आयोजन का हिस्सा बनने के लिए वैदिक ज्योतिष संस्थान के सदस्यों से सम्पर्क कर महायज्ञ के साक्षी बनकर पुण्य के भागी बनें।

# नीम के पेड़ से फांसी लगाकर 17 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। रामपुरा (जालौन)

थाना क्षेत्र के ग्राम कस्वा में गुरुवार की सुबह एक 17 वर्षीय किशोर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कस्वा निवासी हेमन्त उर्फ छोटू (17) पुत्र श्यामप्रकाश कोरी गुरुवार की सुबह घर से निकलकर गांव के पास स्थित जंगल की ओर चला गया। वहां उसने एक नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। कुछ ग्रामीण जब जंगल की ओर गए तो उन्होंने किशोर का शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना मृतक के परिजनों तथा स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया जाता है कि मृतक अपने माता-पिता के दो बेटों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई का नाम भैरव है। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक की टैंपो से भिड़ंत, युवक हुआ लहुलुहान

जन एक्सप्रेस। जगम्मनपुर (जालौन)



तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के कारण गुरुवार की सुबह मोटरसाइकिल और टेंपो के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर के पास स्थित कर्णखेरा मंदिर मोड़ पर गुरुवार सुबह करीब 7.15 बजे यह सड़क दुर्घटना हुई। बताया गया है कि ग्राम पतराही थाना कुठौंद निवासी मोनू सेंगर (32 वर्ष) पुत्र हरपाल सिंह सेंगर अपनी हीरो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 92 एए 8926 से जगम्मनपुर से अपने गांव पतराही की ओर जा रहा था। इसी दौरान कर्णखेरा मोड़ के पास यमुना पुल की ओर से आ रहे टेंपो संख्या यूपी 92 एटी 6110 से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेंपो चालक अमन पुत्र शिवराज राठौर निवासी ग्राम जूहीखा थाना अयाना जिला औरैया को मामूली चोटें आई, जबकि बाइक चालक मोनू सेंगर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर, पैर तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना होते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत सहायता करते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जगम्मनपुर पुलिस चौकी का स्टाफमौके पर पहुंच गया और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च; अब बेस मॉडल के साथ रुपये 49,999 से उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** दो और तीन पहिया वाहनों के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए 1.8 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ टीवीएस ऑर्बिटर वी1 लॉन्च किया है। यह कंपनी की लाइन-अप में सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने पूरे ईवी पोर्टफोलियो में बैटरी-एज-ए-सर्विस (बेस) मॉडल भी पेश किया है, जो ग्राहकों को अधिक लचीला ओनरशिप विकल्प देता है। टीवीएस ऑर्बिटर वी1 और बेस मॉडल के साथ कंपनी की ईवी स्कूटर रेंज अब रुपये 49,999 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) से शुरू होती है। बेस मॉडल से स्कूटर की शुरूआती कीमत कम हो जाती है और ग्राहकों को बैटरी की दीर्घकालिक सुरक्षा मिलती है। वहीं, जो ग्राहक बिना बेस के ऑर्बिटर वी1 खरीदना चाहते हैं, वे इसे रुपये 84,500 (एक्स-शोरूम दिल्ली, पीएम ई-ड्राइव सहित) में खरीद सकते हैं। टीवीएस ऑर्बिटर वी1ः नए भारत की स्मार्ट, सस्टेनेबल, अर्बन ईवी सवारी 1.8 केडब्ल्यूएच बैटरी से लैस टीवीएस ऑर्बिटर वी1 को रोजमर्रा की शहरी यात्रा को आसान और व्यावहारिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# एमएल कान्वेंट स्कूल की दो छात्राओं ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की पास

जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)



एमएल कान्वेंट स्कूल द स्पेस साइंस लैब की दो छात्राओं अनन्या प्रजापति और नैंसी पोरवाल ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

मिठाई विक्रेता राजेश कुमार व आरती देवी की बेटी अनन्या एवं बालमभट्ट मोहल्ला निवासी दाल व मसाला पीसने वाले दुकानदार ब्रजेश पोरवाल व अनुराधा की बेटी नैंसी एमएल कान्वेंट स्कूल में कक्षा पांच की छात्राएं हैं। परीक्षाएं तो कई लोग पास करते हैं पर यह दो बेटियां ऐसी है, जिनकी उपस्थिति अपनी कक्षा में लगभग 95 फीसदी रही। इसके साथ यह दोनों ही बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के केवल विद्यालय की पढ़ाई और अपने स्वयं के प्रयास से सफल हुई हैं। हाल ही में नैंसी ने 3क् प्रिंटिंग ऑटोकैड का प्रशिक्षण लिया है और अब वह ड्रोन फ्लाइंग की वर्कशॉप कर रही है। वहीं अनन्या स्केटिंग की खिलाड़ी है और अभी विद्यालय में रोबोटिक की वर्कशॉप ले रही है। उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता और विद्यालय के शिक्षक दोनों उत्साहित है। दोनों बच्चियों ने विद्यालय के प्रबंधक गौरव गुप्ता को उनका हौसला बढ़ाने स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग और स्पेस साइंस लैब वर्कशॉप में भागीदारी के लिए प्रेरित करने के लिए आभार जताया। नैंसी के अनुसार अध्यापक संतोष सर और जितेंद्र सर ने अतिरिक्त समय देकर हर समय छात्राओं की प्रैक्टिस कराई। वहीं अनन्या यह मानती है कि खुशबू और रूपम मैम ने एसएसटी व ज्योग्राफी लैब में अच्छी प्रैक्टिस कराई। तो आज उसका परिणाम सामने आया प्रबंधक गौरव गुप्ता ने बताया कि अगले सप्ताह विद्यालय में उत्तर प्रदेश की पहली आईआईटी जोधपुर फाउंडर्स की मैथमेटिक्स लैब स्थापित होने जा रही है, जिससे गणित की प्रैक्टिस और विषय बेहद रोमांचक होने वाला है।

## डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिप, एआई टूल्स के साथ वीवो वाई51 प्रो 5जी हुआ लॉन्च

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** वीवो इंडिया ने आज अपने सीरीज में नया स्मार्टफोन वीवो वाई 51 प्रो 5जी लॉन्च किया। नया वाई51 प्रो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है।लंबे समय तक चलने वाली परफॉर्मेंस, स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के आसान इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए यह डिवाइस वीवो की उस सोच को दिखाता है जिसमें वह ऐसे प्रैक्टिकल इनोवेशन लाना चाहता है जो प्रोडक्टिविटी और एंटरटेनमेंट दोनों में मदद करें और वाई सीरीज के पोर्टफोलियो में लंबे समय तक वैल्यू दें। वीवो इंडिया के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस ऑफिसर गीताज चन्नाना ने कहा वीवो में हमारा मानना है कि इनोवेशन ऐसा होना चाहिए जो यूजर्स के रोजमर्रा के जीवन और काम करने के तरीके को सही मायने में सपोर्ट करे। वाई51 प्रो 5जी को उन यूजर्स को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है जो पूरे दिन प्रोडक्टिव, कनेक्टेड और एंटरटेंड रहने के लिए अपने स्मार्टफोन पर भरोसा करते हैं।

## कस्टमर डे 2026: ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी संस्कृति को और मजबूत किया

जन एक्सप्रेस। आगरा

एयरटेल ने आज कस्टमर डे 2026 मनाया। यह संगठन के भीतर चलाया गया एक व्यापक अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की समस्याओं को समझना और उनके अनुभव को लगातार बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत एयरटेल के लगभग बीस हजार कर्मचारियों ने अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर सीधे फील्ड में काम किया। इनमें नेतृत्व करने वाली टीम के सदस्यों से लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल थे। इन कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन टीमों के साथ मिलकर काम किया, फील्ड इंजीनियरों के साथ जाकर उनके काम को करीब से देखा, घरों और दुकानों का दौरा किया और रिटेल व सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों से बातचीत की। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं को बिना किसी फिल्टर के समझना है। एयरटेल में कस्टमर डे संगठन के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर भी है जब वह ठहरकर आत्ममंथन करता है और खुद से एक सीधा लेकिन अहम सवाल पूछता है कि हम अपने ग्राहकों के लिए और क्या बेहतर कर सकते हैं। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा, कस्टमर डे हमें हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम ग्राहकों की बात पूरे ध्यान से सुनें, खुद को लगातार बेहतर बनाने के लिए चुनौती दें और तत्परता के साथ कार्रवाई करें। इससे ग्राहकों को होने वाली समस्याओं को हल करने, सेवाओं को सरल बनाने और हर दिन लाखों ग्राहकों को दी जाने वाली सेवा के स्तर को लगातार बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

# जालौन में कल्याण मंडपम निर्माण अंतिम चरण में जल्द होगा शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)



नगर पालिका परिषद जालौन द्वारा औरैय्या रोड स्थित छत्रसाल ग्राउंड में बनवाया जा रहा कल्याण मंडपम अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से तैयार हो रहा यह भवन शीघ्र ही नगरवासियों को समर्पित किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद के अनुसार इस कल्याण मंडपम के निर्माण का उद्देश्य शहर के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए एक सुसज्जित और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना है। इसके शुरू होने के बाद नगरवासियों को विवाह, सामूहिक समारोह और अन्य आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी। नगर पालिका परिषद जालौन की देखरेख में बनाये जा रहे कल्याण मण्डपम का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में चल रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद अब नगर के लोगों को समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों के लिये इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा साथ ही यह स्थान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिये भी एक प्रमुख स्थान के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहेगा। फिलहाल तो नगरवासी कल्याण मण्डपम के निर्माण कार्य को पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वह भी वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उसे देख सके।

### जनसुविधाओं के विस्तार पर जोर

नगर पालिका परिषद का कहना है कि शहर समग्र विकास और नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस महत्वपूर्ण परियोजना को तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

### जल्द होगा विधिवत उद्घाटन

निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही इसका विधिवत उद्घाटन कर इसे नगरवासियों के उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा।

# न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में 48 बच्चों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस। जालौन (उरई)

प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिंडारी के निर्देशानुसार न्याय पंचायत स्तरीय श्रुतलेख व स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐंदलपुर, संकुल कुसमरा में किया गया। प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 48 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आयोजन संकुल प्रभारी आलोक खरे प्रधानाध्यापक कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के निर्देशन में हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर भाषा कौशल के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी में श्रुतलेख तथा अंग्रेजी में स्पेलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। परीक्षा प्रभारी मानवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता निष्पक्ष व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एआरपी बलवान पाल रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से इशांत (प्रा.वि. देहगुवां), कक्षा 4 से युग उपाध्याय (दहगुवां) तथा कक्षा 5 से दक्ष (दहगुवां) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 में देवांश चौधरी (कंपोजिट ऐंदलपुर), कक्षा 7 में वेदिका (कंपोजिट ऐंदलपुर) तथा कक्षा 8 में खुशी (उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा) ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने गैस एजेन्सी व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ की बैठक

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई, पेट्रोल बोतल में बेचने पर भी रोक: डीएम

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने अपने कैम्प कार्यालय के सभागार में गैस एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि यदि किसी भी एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी संचालकों से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान गैस एजेंसी मालिकों ने डीएम को बताया कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। हालांकि गैस बुकिंग से जुड़ा मोबाइल एप सही तरीके से कार्य नहीं कर रहा है जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल की बिक्री किसी भी परिस्थिति में न की जाए। उन्होंने कहा कि इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल सत्यम सिंह, सेल्स ऑफिसर आईओसीएल पेट्रोल गौरव जायसवाल, भारत पेट्रोलियम के सत्यम सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पंकज सिंह, पूर्ति निरीक्षक सदर राजीव सिंह, कुमार इंडियन वितरक अठेहा ओम प्रकाश पांडेय, नागेश्वर इंडियन वितरक रमेश सिंह, लालता ग्रामीण वितरण अजय सिंह, शंकर साईं वितरक राजेश तिवारी, गोकुल आटोमोबाइल्स के राजेश सिंह, जगवन्ती आटोमोबाइल्स के देवव्रत मिश्रा, मनगढ़ आईओसीएल के गौरव जायसवाल, अम्बिका शंकर आटोमोबाइल्स विश्वनाथगंज के हर्षवर्धन सिंह, मनगढ़ बीपीसीएल के सत्यम सिंह, शुक्ला आटोमोबाइल्स चिलबिला के धर्मेन्द्र शुक्ला, राजापाल आटोमोबाइल्स के संदीप कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

### पेशी पर आये बंदी व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने जिला कारागार में बन्द बंदी मो. हलीम व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि जिला न्यायालय में बीते मंगलवार को पेशी पर लाये गये बंदी ने पुलिसकर्मियों द्वारा तलाशी लिए जाने का विरोध करते हुए बहस करने के साथ ही हाथापाई करने लगा। जब उसे लॉकप के अंदर किया गया तो उसने अपना सिर लॉकप के गेट में मारकर खुद को घायल कर लिया था। जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि इस दौरान बंदी के परिजनों द्वारा जेलकर्मियों के साथ अभद्रता व गाली गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया। इस मामले में उपनिरीक्षक राम विलास यादव की तहरीर पर बंदी मो. हलीम व उसके परिवारी जनों के खिलाफ नगर कोतवाली थाने पर सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आईजी ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में गुरुवार को आईजी प्रयागराज अजय कुमार मिश्रा ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले में परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उनके आगमन पर सर्वप्रथम पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत करने के साथ ही एसपी दीपक भूकर द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद आईजी ने एसपी दीपक भूकर के साथ सई कॉम्पलेक्स में आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक ( नागरिक पुलिस ) सीधी भर्ती परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भर्ती परीक्षा के सफल, सुरक्षित एवं सुचारू आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, सीओ सिटी शिव नारायण वैस, सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह, सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा, सीओ रानीगंज, सीओ सदर व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता एवं सीओ यातायात अनिल कुमार राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। आईजी अजय मिश्र ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से रखी जाये।

# रसोई गैस की किल्लत से रुद्रपुर की चटोरी गली में सन्नाटा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



रसोई गैस के कॉमर्शियल सिलिंडर की बिक्री पर रोक लगने के बाद रुद्रपुर के बस स्टेशन स्थित चटोरी गली में सन्नाटा पसर गया है। इस फूड स्ट्रीट में लगने वाली अधिकांश दुकानें बंद होने के कगार पर हैं। गैस सिलिंडरों की किल्लत से रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों पर भी बुरा असर पड़ा है।

चाऊमीन, चाट, पिज्जा बर्गर आदि के शौकीन परेशान हैं। कस्बे के कई बड़े रेस्टोरेंट ने फास्ट फूड की बिक्री रोक दी है। कॉमर्शियल सिलिंडर के भरोसे चलने वाली इन दुकानों के सामने ईंधन का संकट आ गया है। कॉमर्शियल सिलिंडर अब सिर्फ अस्पताल और हॉस्टल को दिए जाने का आदेश है। ऐसे में रोज कॉमर्शियल सिलिंडर के भरोसे ठेले पर दुकान चलाने वालों का काम प्रभावित हो रहा है।

संगम स्वीट हाउस के मालिक रतन गुप्ता ने कहा कि कॉमर्शियल कौन कहे घरेलू गैस की भी ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। इसलिए फास्ट फूड का काम बंद हो गया है। मिठाई का ऑर्डर पूरा करने में दिक्कत हो रही है।

वहीं सागर स्वीट हाउस के मालिक निखिलेश ने कहा कि गैस एजेंसी संचालकों ने कॉमर्शियल सिलिंडर देने से मना कर दिया है। यदि चार दिन में सिलिंडर नहीं मिला तो काम ठप हो जाएगा।

### एक्शन: एसपी ने फरार आरोपी पर 25 हजार का ईनाम किया घोषित

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर सख्त कार्यवाही करते हुए एक फरार अभियुक्त पर पच्चीस हजार का ईनाम घोषित किया है।

बता दें कि बीते दो मार्च को मान्धाता थाना इलाके के रामनगर गांव के रहने वाले 52 वर्षीय मो. सलीम की पुरानी रंजिश के चलते गोली मार दी गई थी। गंभीर रूप से घायल सलीम को उपचार के दौरान चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। जिसके बाद मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था।

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा फरार अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के उद्देश्य से एसपी दीपक भूकर द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए एक फरार अभियुक्त अफसर पुत्र जलील पर पच्चीस हजार का ईनाम घोषित किया गया। फरार व इनामिया अभियुक्त मान्धाता थाना इलाके के रामनगर गांव का रहने वाला है और इसके विरुद्ध पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं।

# जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला जज राजीव कमल पाण्डेय ने गुरुवार को प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय के साथ-साथ वाह्या न्यायालय कुंडा, लालगंज एवं सभी राजस्व व अन्य न्यायालयों में होने जा रहा है, जिसमें लोग अपने वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य पुराने विवादों का आपसी सहमति से त्वरित निपटारा करना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार जिले में न्याय प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रचार वाहन का लक्ष्य आम जनता को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करना है।

जिला जज ने बताया कि इसमें एन.आई. एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर जैसे गंभीर मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावां पारिवारिक विवाद, राजस्व मामले, सिविल वाद और बिजली-पानी के बिल से जुड़े लंबित मामलों को भी आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटाया जाएगा। लोक अदालत की यह विशेषता है कि इसमें किसी पक्ष की हार नहीं होती बल्कि सहमति से समाधान होता है जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। जिला जज ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 14 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। लोक अदालत न्यायालयों का बोझ कम करने के साथ-साथ समाज में सौहार्द भी बढ़ाती है। इस दौरान अपर जिला जज अजय कुमार, अपर जिला जज हेमंत कुमार, अपर जिला जज ( नोडल अधिकारी लोक अदालत ) अंकिता दुबे और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय सहित कई न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# दर्दनाक: मवेशी को बचाने में ब्रेजा कार सड़क किनारे गड्ढे में पलटी, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**





जिले के बाघराय थाना इलाके में छेऊंगा मोड़ के समीप बुधवार देर रात स्कॉर्पियो और ब्रेजा कार की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों का इलाज चल रहा है। ब्रेजा कार में सवार सभी लोग एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार बाबा बेलखरनाथ धाम के बीडीओ सुरेंद्र बहादुर सिंह के बेटे की शादी कुंडा में थी। इस शादी में शामिल होने के लिए ब्लॉक कर्मचारी सर्वेश कुमार ( 30 वर्ष ), राजू तिवारी ( 42 वर्ष ) पूरेपाण्डेय गांव के ग्राम प्रधान राजेश कुमार सरोज ( 50 वर्ष ) और खूंझी कला गांव के प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह ( 42 वर्ष ) गए थे। चारों लोग शाम करीब 6 बजे ब्रेजा कार से कुंडा पहुंचे थे। शादी में शामिल होने के बाद देर रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे सभी लोग वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाघराय थाना इलाके के छेऊंगा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि सड़क पर अचानक एक मवेशी आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और बेकाबू ब्रेजा कार सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो से टकराने के बाद सड़क किनारे दस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के शीशे टूट गए। कार में बैठे लोग अंदर ही फंस गए। जानकारी के अनुसार हादसे में ब्लॉक कर्मचारी सर्वेश कुमार और राजू तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पूरेपाण्डेय गांव के ग्राम प्रधान राजेश कुमार सरोज और खूंझी कला गांव के प्रधान प्रतिनिधि प्रभाकर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि स्कॉर्पियो में सवार लोग मौके से निकल गए। घटना का पता लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायल प्रभाकर सिंह ने किसी तरह अपने बड़े भाई सुधाकर सिंह और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से परिजन घायलों को लखनऊ के पीजीआई अस्पताल ले गए। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। सर्वेश कुमार की पत्नी सोना का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं राजू तिवारी की मौत की खबर मिलते ही बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर पहुंच गए और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### घरेलू गैस की किल्लत नहीं मिस्ड काल से बुक कराएं

**देवरिया।** जिले में घरेलू रसोई गैस की किल्लत नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में तीनों गैस कंपनियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को सिलिंडर प्राप्त करने के लिए पंजीकृत नंबरों पर मिस्ड कॉल देकर बुकिंग करानी होगी। सिलिंडर प्राप्त करते समय उपभोक्ताओं को अपना डीएसी बताना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व बुकिंग और डीएसी के किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलिंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी गैस एजेंसी पर जाकर तत्काल ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करा लें। उपभोक्ता अपनी कंपनी के अनुसार इन नंबरों पर मिस्ड कॉल देकर बुकिंग कर सकते हैं।

# आठ साल में सात बार सील हुआ अस्पताल...संचालन कभी नहीं रुका

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र का निजी हॉस्पिटल नियमों और प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। आठ साल में सात बार सील यह अस्पताल सील हो चुका है। लेकिन कभी दो-चार दिन से अधिक बंद नहीं रहा और दोबारा संचालित होने लगा। इसको लेकर लोग स्वास्थ्य विभाग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सोमवार देर रात जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हंगामा होने पर फिर अस्पताल को सील करने के साथ ही संचालक पर गैरइरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई है। साथ ही सीएम ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर अस्पताल के पर्चे पर अंकित डॉक्टरों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं।

जिले में नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के खुशी हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की हुई मौत के मामले में जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है। गठित जांच टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ. आरके गुप्ता नोडल, नेबुआ नौरंगिया सीएचसी के अधीक्षक डॉ. रजनीश श्रीवास्तव के अलावा एक अन्य डाक्टर शामिल हैं। इसके अलावा हॉस्पिटल के पर्चे पर अंकित डॉक्टरों को नोटिस जारी कर उनसे तीन दिन के अंदर कार्यालय पहुंचकर स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया बुजुर्ग गांव निवासी दीनदयाल यादव की पत्नी नीतू यादव को सोमवार की रात में प्रसव पीड़ा होने पर इस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। नीतू ने बच्ची को जन्म दिया। मंगलवार सुबह करीब चार बजे नीतू की हालत गंभीर बताते हुए हॉस्पिटल संचालक ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया और नवजात को आईसीयू में भर्ती होने की बात कही। परिजन प्रसूता को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो डाक्टर ने बताया कि प्रसूता की मौत हो चुकी है।

इसके बाद परिजन हॉस्पिटल पहुंचे तो संचालक व कर्मी ताला बंद कर भाग गए थे। मामले में पुलिस ने हास्पिटल संचालक के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं, घटना के बाद मंगलवार को एसडीएम राजबीर सिंह और डिप्टी सीएमओ ने हॉस्पिटल को सील कर दिया था।

इस मामले में सीएमओ डॉ. चंद्रप्रकाश ने कहा कि मामले की गहराई से जांच करने के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया गया है। टीम जच्चा बच्चा की मौत की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# महराजगंज में जनगणना की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## 22 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण, अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी ग्रामीण एवं नगर चार्ज अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा इसकी गोपनीयता और महत्ता को हर हाल में बनाए रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी। पहले चरण में 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 7 मई से 21 मई 2026 तक आम नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। जनगणना का दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान महराजगंज के लिए नामित जनगणना कार्य निदेशालय के मंडल प्रभारी डॉ. गौरव पांडेय तथा जिला प्रभारी जनगणना अंबिका मौर्य ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से जनगणना की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सीएमएमएस पोर्टल के संचालन, एचएलओ के गठन सहित अन्य तकनीकी पहलुओं पर भी अधिकारियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने भी प्रशिक्षण सत्रों में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, डीईएसटीओ, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा सभी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दरवाजा तोड़कर घर में घुसे चोरी, नकदी, आभूषण चोरी

**कुशीनगर।** शिव नगर डिडई थाना क्षेत्र बन गडोरी गांव में एक घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए दरवाजा का ताला तोड़कर नकदी, टीवी सहित अन्य सामान उठा ले गए। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सुभाष चन्द्र तिवारी जो पिछले दिनों पत्नी का उपचार करने के लिए घर में ताला लगाकर दिल्ली चले गए थे। जहां पर मंगलवार को घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुस कर घर में रखा 15000 हजार रुपये गहने और घर में लगा टीवी उठा ले गए मंगलवार सुबह बगल में रह रहे उनके भाई कृष्ण मुरारी ने घर का सामान बिखरा पड़ा देखा। इसके बाद डायल- 112 नंबर पर सूचना दी और थाने पर जाकर चोरी होने का प्रार्थना पत्र दिया। मामले की जांच करके कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की आसपुर देवसरा पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि सुलतानपुर जिले के कादीपुर थाना इलाके के कोटिया गांव निवासी रामभवन बीते सोमवार को आसपुर देवसरा थाना इलाके के धरौली गांव में रिश्तेदार के घर आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल रिश्तेदार राजनरायन के घर के सामने खड़ी की थी जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में थी। का अभियोग पंजीकृत किया गया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में आसपुर देवसरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों आर्यन सरोज व आलोक यादव को चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ थाना इलाके के विझाला नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त आर्यन सरोज जौनपुर जिले के महाराजगंज थाना इलाके के गद्दोपुर गांव का रहने वाला है जबकि आलोक यादव थाना इलाके के रूपनपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि नौ मार्च की की रात धरौली गाँव से हम दोनों ने मिलकर इस मोटरसाइकिल को चोरी किया था और एकान्त में इसका चेचिश नम्बर रगड़कर मिटा दिये थे। किसी तरह फर्जी कागजात बनवाकर एवं फर्जी चेचिश नम्बर बनाकर बेचने की फिराक मे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिए गये। दोनों ने बताया कि मोटरसाइकिल पर अंकित रजिस्ट्रेशन नम्बर फर्जी है जिसे हम दोनों ने अपनी मर्जी से ही लिख दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय भेज दिया।

# जिले में पेट्रोल-डीजल व गैस की कोई कमी नहीं, कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई: डॉ दिनेश चन्द्र

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के 263 पेट्रोल पंप संचालकों, 92 गैस एजेंसी संचालकों, आयल कंपनियों के जनपदीय बिक्री अधिकारियों, सीएनजी से जुड़े अधिकारियों तथा खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में डीजल, पेट्रोल और घरेलू गैस सिलेंडरों में घटतौली, मुनाफाखोरी या अवैध भंडारण नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए जिले में ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रखने के लिए प्रशासन सतर्क है। जनपद में 263 पेट्रोल-डीजल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है, वहीं 92 गैस एजेंसियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। बुकिंग के अनुसार तय समय में होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे डीजल-पेट्रोल या गैस सिलेंडरों का अनावश्यक संग्रहण (होर्डिंग) न करें और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी पर नियमों के विपरीत मांग न रखें। इस संबंध में पुलिस बल को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ईंधन आपूर्ति से जुड़ी किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। प्रशासन सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

# ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों ने भेजी पाती

- जनपद स्तर पर मशाल जुलूस और लखनऊ महारैली की तैयारी तेज: शैल शुक्ल

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



टेट की अनिवार्यता समाप्त किये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री (उ.प्र.) और नेता प्रतिपक्ष को पाती भेजने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बस्ती सदर क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों ने पाती भेजकर टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में असंतोष है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में शीघ्र निर्णय लिया जाए। शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश और मुख्यमंत्री को संबोधित पाती पर हस्ताक्षर कराकर उसे डाक व ई-मेल के माध्यम से भेजा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों की मांगों को लेकर संगठन लगातार आंदोलनरत है। शिक्षकों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आगे भी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में कन्हैयालाल भारती, विजय वर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। उन्होंने भी पाती पर हस्ताक्षर कर आंदोलन को समर्थन दिया। शिक्षकों ने एकजुट होकर टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को बुलंद किया।

# नियम सिखाने वाले बाबू ही भूल गए नियम

## जन एक्सप्रेस की खबर के बाद एआरटीओ कर्मी का कटा चालान




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

'दीपक तले अंधेरा' वाली कहावत जौनपुर के सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में तब सच साबित हुई, जब विभाग के ही एक जिम्मेदार कर्मचारी नियमों की धज्जियां उड़ाते पाए गए। ARTO कार्यालय में तैनात दबंग रजिस्ट्रेशन बाबू गणेश दत्त मिश्रा अपनी नई टाटा पंच ईवी पर गलत तरीके से नंबर प्लेट लगाकर VIP रौब झाड़ रहे थे। जन एक्सप्रेस द्वारा प्रमुखता से खबर दिखाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया और बाबू की हेकड़ी निकल गई।

### क्या था पूरा मामला?

रजिस्ट्रेशन बाबू गणेश दत्त मिश्रा ने हाल ही में एक इलेक्ट्रिक टाटा पंच खरीदी थी। सरकारी नियमों के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हरे रंग की नंबर प्लेट अनिवार्य है, लेकिन बाबू अपनी गाड़ी पर सफेद नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे थे। हद तो तब हो गई जब नंबर प्लेट पर पूरा रजिस्ट्रेशन नंबर UP14GD0020 लिखने के बजाय, उन्होंने इसे VIP लुक' देने के लिए सिर्फ '20' लिखवा रखा था। इतना ही नहीं, गाड़ी पर 'उत्तर प्रदेश शासन' का अनाधिकृत लोगो भी लगाया गया था, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है।

### जन एक्सप्रेस की खबर का दमदार असर

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और जन एक्सप्रेस द्वारा इस खबर को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद, पुलिस और यातायात विभाग ने मामले का कड़ा संज्ञान लिया। विभाग की किरकिरी होते देख प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद दबंग बाबू के सुर बदल गए। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए तत्काल गाड़ी की नंबर प्लेट को नियमानुसार ठीक करवाया और गाड़ी से 'उत्तर प्रदेश सरकार' का अवैध स्टीकर भी हटाया।

# नकाबपोश बदमाशों ने सहज जन सेवा केंद्र संचालक को मारी गोली



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के गोसाईपुर बाजार में बुधवार की रात 9 बजे नकाबपोश बदमाशों ने सहज जन सेवा केंद्र संचालक को घर जाते समय घर से कुछ दूर पहले गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद डाक्टरों ने घायल को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोसाईपुर बाजार निवासी प्रेमचंद यादव (40 वर्ष) पुत्र तेजू यादव अपने सहज जन सेवा केंद्र पर मौजूद थे। इसी दौरान बाइक से आए नकाबपोश बदमाशों ने उन पर अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगने से प्रेमचंद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों जुट गए और परिजनों की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए घटना की जानकारी ली।

# लेखपाल पर अवैध कब्जा कराने का आरोप: जांच, कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष महंथ गिरिजेश दास ने आईजीआरएस के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर मेडिकल कालेज के पीछे थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0-333म/0.0240 भूमि पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति के द्वारा विपक्षी से मिलकर अवैध कब्जा कराकर अवैध निर्माण कराये जाने का आरोप लगाते हुये लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई और अवैध कब्जे को खाली कराये जाने की मांग किया है। शिकायती पत्र में महंथ गिरिजेश दास ने कहा है कि बस्ती सदर तहसील के ग्राम रामपुर, थाना मुण्डेरवा के गाटा सं0 333म पर तत्कालीन लेखपाल शीला प्रजापति की मिली भगत से उक्त कीमती भूमि पर माह जून 2025 में रामपुर निवासी इबरार पुत्र ऐश मोहम्मद से गाटा सं0-333म पर निजी लाभ हेतु तत्कालीन लेखपाल ने अवैध कब्जा कराकर पक्का निर्माण करा दिया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों व हिन्दू जनता के लोगों द्वारा उन्हें बताया गया कि तत्कालीन लेखपाल के द्वारा अपने हल्का क्षेत्र में अपने कार्यकाल में तमाम लोगों को ग्राम समाज व सरकार की जमीनों पर अवैध कब्जा करा दिया गया है। ग्रामीणों के सूचना व समाचार पत्रों में गाटा सं0-333म के सम्बन्ध में हो रहे अवैध निर्माण के सम्बन्ध में प्रकाशन के बावजूद भी नहीं रोका गया। उन्होने मांग किया है कि प्रकरण जनहित व सरकार हित में है. सरकार की क्षति हो रही है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर अवैध कब्जे में शामिल तत्कालीन लेखपाल व दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराते हुये अवैध कब्जे को खाली कराया जाय।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन प्रयागराज वाया शाहगंज राजमार्ग पर दौलतपुर गांव में गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार अधेड़ महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहे उसके रिस्तेदार को हल्की चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। मृतका के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दिया है। हैदरपुर गांव निवासी 55 वर्षीय लालती देवी पत्नी रामजियावन गौतम अपनी बहन के पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी गोपालापुर की बाइक पर बैठकर शाहगंज उपचार हेतु जा रही थी। उक्त स्थान पर पीछे से आ रहे किसी चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दिया। ललिता देवी सड़क की तरफ गिर गई। सिर में गंभीर चोटें आने से वे बेहोश हो गई। उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे रवींद्र को हल्की चोटें आईं। मृतका के पुत्र दीपक गौतम ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दिया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सुरैला गांव में गुरुवार को 20 वर्षीया युवती समुंद्री राजभर पुत्री शंभू राजभर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती के इस आत्मघाती कदम उठाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को विधिक कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

### आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ सहित कई धाराओं में केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बगल गांव निवासी युवक उसके घर में अश्लील सामग्री, फोटो आदि अक्सर फेंकता रहता था। एक दिन घर में अकेली देख वह घुसकर गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी युवती स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा है। आरोप है कि महमदपुर गांव निवासी सचिन राव उसे गलत नीयत से देखता रहता है। गत पहली मार्च की रात सचिन उसके घर के बरामदे में अश्लील पत्र और फोटो फेंक गया। पत्र में उसे धमकी भी दी गई थी। जिससे परिवार के लोग डरे हुए थे। गत छह मार्च को परिवार के लोग खेतों में काम करने चले गए। आरोप है कि मौका पाकर सचिन उसके घर के भीतर घुस कर जबरन उसका हाथ पकड़ कमरे की तरफ खींचने लगा। शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपित भाग गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर,आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाए, जिससे आम



जनता को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंक, विद्युत, परिवहन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को कम समय और कम खर्च में न्याय मिलता है, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और अधिक से अधिक मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) परमानंद झा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से चमकी सफाई कर्मियों की छत, 300 यूनिट मुफ्त बिजली का मिला लाभ

- सोलर पैनल लगाकर बने मिसाल, मुख्य विकास अधिकारी ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जौनपुर,केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब गांवों तक अपनी रोशनी पहुंचा रही है। इस योजना के तहत जौनपुर जिले के तीन सफाई कर्मियों ने अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर न केवल बिजली बिल से राहत पाई, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। योजना के अंतर्गत नागरिक अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर करीब 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यदि अधिक बिजली का उत्पादन होता है तो उसे विद्युत ग्रिड को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। सरकार सोलर पैनल स्थापना के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग के अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मी श्याम सुन्दर लाल (ग्राम पंचायत लेदुवा), शशिकांत (ग्राम पंचायत चांदपुर) और प्रभावती पाल (ग्राम पंचायत सराय रायचंद), विकासखंड सिकरारा ने अपने घरों पर सोलर पैनल लगाकर योजना का लाभ उठाया है। इन सफाई कर्मियों के इस सराहनीय प्रयास को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल अन्य लोगों को भी सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और बिजली बिल का बोझ भी कम होगा।

# जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण


**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि युवराज गर्ग, सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड-2 ने डिजिटल जनगणना 2027 की प्रक्रिया के तहत सेन्सस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल के बारे में अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी जनगणना पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) परमानंद झा जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदूषण और स्वास्थ्य का संकट गहराया धर्मापुर के हनुमान मंदिर के समीप का हाल

- जनता की आवाज धर्मापुर में स्थानीय प्रशासन की अनदेखी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर आपको बताते चलें कि धर्मापुर क्षेत्र के केशवपुर गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर के बगल एक मैरिज हॉल में शादी विवाह का कार्यक्रम आए दिन होता रहता है वहां पर होटल मालिक द्वारा मंदिर के बगल में बचे हुए खाना सब्जी फेंक दिया जा रहा है वहां पर बुरी तरह से बदबू फैल रही है मंदिर पर सुबह शाम श्रद्धालुओं का आना-जाना दुश्वार हो रहा है जिससे लोगों को वहां पूजा पाठ करने में काफी परेशानी उत्पन्न हो रही है अगल-बगल के लोगों को रहना दुश्वार हो गया है इस बात की शिकायत दर्जनों बार मैरेज संचालक को स्थानी लोगों द्वारा की गई लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ रहा एक तरफ जहां पर्यावरण शुद्ध करने की बात कहीं जाती है वहीं बिना मानक के मैरेज खोलने की अनुमति विभागीय अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर परमिशन दे रखे हैं ना तो इनके पास पार्किंग की व्यवस्था है ना ही पूरा करकट फेंकने की उसके बाद भी विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से धड़ले के साथ संचालन किया जा रहे हैं इस समस्या को लेकर ग्रामीण के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग किए कि इसकी जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाए जिससे साडे भोजन से उठ रही दुर्गंध व महामारी फैलने रोका जा समय से पहले कार्यवाही ना की गई तो महामारी फैलने से रोक नहीं जा सकता ऐसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी परमिशन देने वाले अधिकारियों की होगी

# मधुमक्खियों का हमला, दर्जनों लोग घायल, हवन-पूजन के दौरान उठे धुएं से बौखलाई मधुमक्खियां

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर स्थानीय क्षेत्र के सुरहुरपुर गांव के प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में उस समय भगदड़ मच गई जब हवन-पूजन से उठा धुंआ मधुमक्खी के छत्ते पर पड़ते ही मधुमक्खी मौजूद लोगों पर हमला कर की। इसमें लगभग दर्जनों महिला व पुरुष जख्मी हो गए जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिकी उपचार कर स्थिति सामान्य होने पर छोड़ दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी दुखीराम के घर पर मंगलवार को रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। समापन के उपलक्ष्य में बुधवार को गांव के प्राचीन बजरंग बली मंदिर पर हवन-पूजन किया जा रहा था। हवन के दौरान यज्ञ कुंड से उठ रहे धुएं से पास के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों का छत्ते पर पड़ी जिससे मधुमक्खियां भड़क गई और मंदिर परिसर में मौजूद लोगों पर हमला कर दी और मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खी के हमले में राधिका पत्नी दुखी राम, शकुंतला देवी पत्नी श्रीचंद, बृजेश गौड़ पुत्र रामधनी, राजेश गौड़ पुत्र रामधनी, बबीता गौड़ पत्नी राजेश, अनंत गौड़ पुत्र बृजेश, अदिति पुत्री दयाशंकर, पुनीता सहित आदि लोग घायल हो गये। घटना के बाद गांव में कुछ देर तक दहशत का माहौल बना रहा।

# कल्याणपुर बाजार में जिलापूर्ति विभाग की छापेमारी, 60 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में जिलापूर्ति विभाग की टीम ने अवैध रूप से रखे गए घरेलू गैस सिलेंडरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापे के दौरान एक गोदाम से करीब 60 घरेलू एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए, जिसके बाद पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार जिलापूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को सूचना मिली थी कि कल्याणपुर बाजार में घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर उनकी बिक्री की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान एक गोदाम में बड़ी संख्या में सिलेंडर रखे मिले। टीम ने मौके से तीन अलग-अलग कंपनियों के करीब 60 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। सभी सिलेंडरों को जब्त कर सील कर दिया गया और उन्हें

> जिलाधिकारी ने बताया जौनपुर में गैस की कमी नहीं है जो भी सिलेंडर गोदाम अगर स्टॉक में रखकर बेचने की कोशिश करते हैं तो उनके ऊपर उचित कार्रवाई किया जाएगा।
> -डॉ दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी

सुरक्षित रूप से गोदाम में भिजवा दिया गया। छापेमारी की कार्रवाई से बाजार के व्यापारियों में काफी हलचल देखी गई। जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पूरे मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और संबंधित संचालक के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीकृष्ण और गोपियों के अलौकिक प्रेम का बृतांत सुन श्रोता हुए गदगद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर खुटहन कमालपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक संतोष जी महराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण और गोपियों के बीच आलौकिक निस्वार्थ प्रेम था। वासना रहित पूर्ण समर्पण के प्रेम का प्रतीक है गोपियां और कृष्ण का प्रेम। उन्होंने भगवान कृष्ण को गोकुल से विदा होकर मथुरा जाने का बृतांत बड़े ही भावपूर्ण प्रस्तुत किया। जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई। श्री महाराज ने कहा कि अक्रूर जब कृष्ण और बलराम को रथ पर बैठाने लगे तो गोकुल के नर नारी,पशु पक्षी सब उदास हो गये। मानो प्रकृति की सारी हरियाली रेगिस्तान बन गई हो। नंद बाबा और माता यशोदा से विदा लेकर रथ आगे बढ़ा तो गोपिकाएं मार्ग पर लेटकर रास्ता बंद कर दिया। कहा कि हम कृष्ण के बिना जीवित नहीं रह पायेंगे। जिंदा लाश बनकर जीने से अच्छा है कि हम सभी रथ के पहिए के नीचे आकर अपने प्राण ही दे दें। भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों से फिर वापस आने का वादा किया तब उन्होंने रास्ता छोड़ा। गोपियों पेड़ों अट्टालिकाओं पहाड़ों पर चढ़ कृष्ण के जाते हुए रथ को निहारती रह गई। इस मौके पर सागर दूबे, प्रमोद चतुर्वेदी,मुकुंदधर तिवारी, रमेश तिवारी, मायाशंकर तिवारी, विष्णु तिवारी, विरेन्द्र यादव,अजय यादव, श्रीपाल पाण्डेय,राम आनंद पांडेय आदि मौजूद रहे। आयोजक प्रधानाचार्य प्रमोद व संतोष तिवारी ने आगतो का स्वागत व आभार प्रकट किया।

# होर्मुज में ईरान की नौसेना पर अमेरिका का वार जारी

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले, 58 जहाज और बारूदी नावों को किया नष्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान की नौसैनिक ताकत पर बड़ा हमला किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई में ईरान के कई जहाज और बारूदी सुरंग बिछाने वाली नावों को नष्ट कर दिया गया है। उनका कहना है कि यह कदम वैश्विक समुद्री व्यापार और तेल आपूर्ति की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निर्णायक सैन्य कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत की जा रही है। ट्रंप के मुताबिक इस अभियान का उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। उनका दावा है कि अमेरिकी सेना ने कम समय में ही ईरान की कई सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

### होर्मुज में ईरान की नौसेना पर हमला क्यों हुआ?

ट्रंप के मुताबिक अमेरिकी सेना को जानकारी मिली थी कि ईरान समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की तैयारी कर रहा है। इन सुरंगों का मकसद जहाजों को नुकसान पहुंचाना और समुद्री रास्तों को बाधित करना था। उन्होंने कहा कि इसी खतरे को देखते हुए अमेरिकी सेना ने कार्रवाई की। ट्रंप का दावा है कि अमेरिकी हमलों में ईरान के कई माइन बिछाने वाले जहाज और नौसैनिक पोत नष्ट कर दिए गए हैं।

### कितने जहाज और नावें नष्ट करने का दावा किया गया?

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने होर्मुज क्षेत्र में ईरान के कुल 58 नौसैनिक जहाजों को नष्ट कर दिया है। इसके अलावा बारूदी सुरंग बिछाने वाली कम से कम 31 नावों को भी खत्म किया गया है। उनके मुताबिक यह कार्रवाई बेहद तेजी से की गई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने विशेष तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल करते हुए इन जहाजों को निशाना बनाया।



### क्या ईरान की सैन्य क्षमता कमजोर हुई?

ट्रंप ने दावा किया कि पिछले 11 दिनों की सैन्य कार्रवाई में ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा झटका लगा है। उनके मुताबिक ईरान की वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है और उसके रडार सिस्टम भी नष्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान की मिसाइल क्षमता लगभग 90 प्रतिशत और ड्रोन क्षमता करीब 85 प्रतिशत तक कमजोर हो चुकी है। ट्रंप के अनुसार अमेरिकी सेना ईरान के हथियार बनाने वाले कारखानों को भी निशाना बना रही है।

### तेल बाजार और ऊर्जा सुरक्षा पर क्या असर पड़ा?

ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता आई है। इसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने दुनिया के विभिन्न देशों के रणनीतिक भंडार से 400 मिलियन बैरल तेल जारी करने पर सहमति जताई है। ट्रंप के मुताबिक इससे तेल की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखा जा सकेगा।

### क्या अमेरिका युद्ध को आगे बढ़ाने के संकेत दे रहा है?

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस संघर्ष को अधूरा नहीं छोड़ेगा। उनका कहना है कि अगर खतरे को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया तो भविष्य में फिर से ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाती रहेगी और समुद्री मार्गों को सुरक्षित बनाए रखेगी।

### क्षेत्रीय और वैश्विक असर कितना बड़ा है?

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव से पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इसका असर वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री व्यापार और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ रहा है। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर दुनिया भर के देशों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी रास्ते से गुजरता है।

---

**ऊर्जा संकट पर बहस:** राहुल गांधी ने संसद में उठाया एलपीजी और तेल संकट का मुद्दा

# एपस्टीन का नाम लेते ही हंगामा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कोलकाता लोकसभा में गुरुवार को ईरान-इस्राइल युद्ध के चलते पैदा हुए उर्जा संकट पर राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ईरान युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद है। देश में एलपीजी को लेकर संकट है। स्ट्रीट वेंडर्स पर ज्यादा प्रभाव पड़ा है। अमेरिका कौन होता है हमें यह बताने वाला कि हम किससे तेल खरीदेंगे, किससे गैस खरीदेंगे? छोटे व्यापारी परेशान हो रहे हैं। राहुल गांधी में सदन में कहा कि हर कोई जानता है कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। इस युद्ध के दूरगामी परिणाम होने वाले हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, उस मुख्य समुद्री रास्ते को बंद कर दिया गया है। इसका बहुत बड़ा असर पड़ेगा, खासकर हमारे देश पर, क्योंकि हमारे तेल और प्राकृतिक गैस का बहुत बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है।


### ट्रंप के बयान पर केंद्र पर भड़के राहुल गांधी

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मुश्किलें अभी बस शुरू हुई हैं। रेस्तरां बंद हो रहे हैं। एलपीजी को लेकर लोगों में घबराहट फैल रही है। सड़क पर सामान बेचने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं और जैसा मैंने कहा, यह सिर्फ शुरुआत है। किसी भी देश की बुनियाद उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है और मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं, लेकिन अमेरिका को यह तय करने देना कि हम तेल किससे खरीदेंगे, गैस किससे खरीदेंगे, क्या हम रूस से तेल खरीद सकते हैं या नहीं और अलग-अलग तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे, यह सब मानो सौदे में दे दिया गया है। ट्रंप के बयान को लेकर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे लिए यह हमेशा एक बहुत उलझाने वाली बात रही है कि भारत जैसा बड़ा देश किसी दूसरे देश को यह तय करने क्यों देगा कि हम किससे तेल खरीदें। क्यों किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति हमें अनुमति दें कि हम रूस से तेल खरीद सकते हैं या नहीं और हमारे अंतरराष्ट्रीय संबंध कैसे होंगे। यह मेरे लिए एक पहेली रही है और मैं इस पहेली को समझने की कोशिश कर रहा हूं।

### राहुल ने उठाया एपस्टीन का मुद्दा

राहुल गांधी ने कहा, 'मैंने इस पहेली को समझ लिया है और यह पहेली समझौते से जुड़ी हुई है। यहां हमारे बीच एक सज्जन बैठे हैं जो पेट्रोलियम मंत्री हैं। उन्होंने खुद कहा है कि वह मिस्टर एपस्टीन के दोस्त हैं...'। गांधी ने कहा, मेरे पास एक दस्तावेज है, जिससे पता चलता है कि उनकी (पुरी की) बेटी को जॉर्ज सोरोस से पैसे मिले हैं। राहुल गांधी के इसी बयान पर लोकसभा में हंगामा हो गया। राहुल गांधी के इस बयान के बाद संसद में भारी हंगामा शुरू हो गया। ट्रेजरी बेंच की ओर से हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर ने राहुल गांधी को टोकते हुए कहा कि आपने नोटिस कुछ और दिया है। नोटिस बोलिए, नियम से परे बोलने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

---



# इंटरनेट पर अब जानकारी खोजना होगा आसान, हिंदी समेत आठ भाषाओं में कर सकेंगे ब्राउजिंग

- भारत, अमेरिका के बाद इस तकनीक को पाने वाले दुनिया के शुरुआती बाजारों में से एक बन गया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक कंपनी गूगल ने भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए क्रोम ब्राउजर में सीधे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर्स शामिल करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को दावा किया कि इस कदम से इंटरनेट ब्राउजिंग अधिक सहज, सुरक्षित और मददगार हो जाएगा। भारत, अमेरिका के बाद इस तकनीक को पाने वाले दुनिया के शुरुआती बाजारों में से एक बन गया है।

### 50 से ज्यादा भाषाओं को सपोर्ट करेगा गूगल

गूगल ने इस अपडेट के साथ 50 से अधिक भाषाओं के लिए सपोर्ट जारी किया है। इसमें विशेष रूप से हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी आठ प्रमुख भारतीय भाषाएं शामिल हैं। यह पहल क्षेत्रीय भाषा के उपयोगकर्ताओं के लिए सूचनाओं तक पहुंच को बेहद सरल बना देगी। कंपनी के सबसे उन्नत जेमिनी 3.1 मॉडल पर आधारित ये फीचर्स फिलहाल डेस्कटॉप और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। इसमें एक ब्राउजिंग असिस्टेंट दिया गया है, जो उपयोगकर्ताओं को बिना टैब बदले सीधे चैट करने की सुविधा देगा। क्रोम का यह इन-बिल्ट एआई लंबे वेब कंटेंट का सारांश तैयार करने, परीक्षाओं के लिए क्विज बनाने और पुराने देखे गए पेजों को याद रखने में मदद करेगा।

### बगैर टैब बदले भेज सकेंगे ईमेल

गूगल क्रोम के प्रोडक्ट मैनेजमेंट डायरेक्टर चारमेन डिसिल्वा ने कहा, एआई को सीधे क्रोम से जोड़कर हम वेब ब्राउजिंग को पहले से और अधिक सक्रिय बना रहे हैं। जीमेल इंटीग्रेशन के चलते अब यूजर्स को ईमेल भेजने के लिए वर्तमान पेज छोड़ने की जरूरत नहीं होगी, वह साइड पैनल खोलकर ईमेल लिख और भेज सकेंगे।

---

# खुदरा महंगाई दर फरवरी में 3.21 प्रतिशत पर पहुंची



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के लिए एक और चिंता वाली खबर है। फरवरी महीने में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में दर्ज की गई है जब ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद ने वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। जनवरी में खुदरा महंगाई दर यानी सीपीई 2.75% थी, जो फरवरी में बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी शहरों के मुकाबले गांवों में ज्यादा महसूस की जा रही है। फरवरी में ग्रामीण महंगाई दर 3.37% और शहरी महंगाई दर 3.02% दर्ज की गई। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि यह आंकड़ा अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4% के लक्ष्य से नीचे है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाने-पीने की चीजें हैं। फरवरी में खाद्य महंगाई दर तेजी से उछलकर 3.47% हो गई है, जो जनवरी में 2.13% थी। आम आदमी के लिए रहना और खाना लगातार महंगा होता जा रहा है। हाउसिंग की बात करें तो महंगाई 2.05% से बढ़कर 2.12% हो गई है। ईंधन और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर 0.14% रही। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई 2.19% से गिरकर 1.90% पर आ गई है। वहीं कपड़े और जूतों की महंगाई दर भी जनवरी के 2.98% से घटकर 2.81% रह गई है। ईरान संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जहां से दुनिया का लगभग 20% तेल व्यापार गुजरता है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि लंबे समय तक सप्लाई बाधित रहने से भारत जैसे ऊर्जा पर निर्भर देशों में आयातित महंगाई का खतरा बढ़ जाएगा। इक्रा (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, अगर कच्चे तेल के दाम 10% बढ़ते हैं और इसका असर सीधे पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर पड़ता है, तो खुदरा महंगाई 0.40% से 0.60% तक बढ़ सकती है।

---

# **ईरान का ओमान पर बड़ा हमला:** सलालाह पोर्ट पर ड्रोन से तेल टैंकरों को बनाया निशाना, खाड़ी देशों में बढ़ा तनाव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मस्कट**





खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था। अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है।

### ओमान के सुल्तान ने जताई कड़ी आपत्ति

इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

### मध्यस्थता की कोशिशों को लगा झटका

बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था। ओमान लंबे समय से ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता करता रहा है। लेकिन पिछले 11 दिनों से जारी युद्ध के कारण अब यह कोशिशें कमजोर पड़ती दिख रही हैं।

### हॉर्मुज के पास जहाजों पर भी हमला

सिर्फ ओमान ही नहीं बल्कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास भी जहाजों को निशाना बनाया जा रहा है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने जानकारी दी है कि तीन व्यापारिक जहाजों पर अज्ञात चीजों से हमला किया गया है। इस इलाके में लगातार हो रहे हमलों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के जवाब में ईरान इन इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है।

---

# आधार अनिवार्य तत्काल टिकट पर जवाब न देने पर हाईकोर्ट सख्त, रेलवे बोर्ड को देरी के लिए लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि**

केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को रेलवे बोर्ड को सख्त फटकार लगाई क्योंकि बोर्ड ने कई महीने बीत जाने के बावजूद तत्काल टिकट बुकिंग में आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं इस पर जवाब नहीं दिया। कोर्ट की बेंच के मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी एम ने बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा तीन सप्ताह और समय मांगने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा इतना सरल मुद्दा होने के बावजूद आप इतना समय ले रहे हैं। कई महीने समय देने के बावजूद अभी तक कोई जवाब नहीं आया। यदि आप जवाब नहीं दे सकते, तो हम खुद इस मुद्दे का निर्णय कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को तीन सप्ताह के लिए स्थगित किया और स्पष्ट किया कि रेलवे बोर्ड को इस अवधि में अपना जवाब जमा करना अनिवार्य है। यह आदेश एक सार्वजनिक हित याचिका पर आया है, जिसमें केंद्र सरकार के उस सर्कुलर को चुनौती दी गई थी।

---

# एयर चीफ मार्शल ने मल्टी-रोल लड़ाकू विमान से अकेले भरी उड़ान, वायु सेना का ताकत का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की वायु सेना का सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन करने के लिए देखने को मिला। भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल एपी सिंह ने आज मिग-29 यूपीजी मल्टी-रोल लड़ाकू विमान को अकेले उड़ाया। एपी सिंह ने एक प्रमुख सीमावर्ती बेस से उड़ान भरी। विमान के लैंड करने का वीडियो भी सामने आया है। अपनी यात्रा के बाद, एयर चीफ़ ने बेस पर भारतीय वायु सेना के पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की। इस दौर में भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल तैयारी, लड़ाकू क्षमताओं और फ़ॉरवर्ड बेस पर मिशन की तैयारी पर ज़ोर दिया गया। मिकोयान स्व्हत-29 सोवियत यूनियन का बनाया हुआ एक द्वी-इंजन लड़ाकू विमान है। भारतीय वायु सेना चार दशकों से इस्तमाल हो रहे अपने स्व्हत-29 फ़्लीट को अपग्रेड करने का फ़ैसला किया था। सोवियत में बना यह विमान 1970 के दशक में बनाया गया था और 1980 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था। इसे असल में अमेरिकन स्न-16 लड़ाकू विमान का मुकाबला करने के लिए बनाया गया था। स्व्हत-29 के कई वेरिएंट हैं, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल भारतीय नौसेना भी करती है। मिकोयान स्व्हत-29 (अपग्रेड) चौथी जेनरेशन का सर्वश्रेष्ठता लड़ाकू विमान है। इस विमान को नई एवियोनिक्स, रडार और हवा ही हवा में रिफ्यूलिंग क्षमता के साथ अपग्रेड किया गया है। यह विमान जानलेवा है और हवा ही हवा, हवा से जमीन और सटीक गोला-बारूद दागने में सक्षम है।

---

# राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर तमिलनाडु के राज्यपाल बने, हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने तमिलनाडु के 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने शपथ दिलाई। लोक भवन के भरथियार मंडपम में पहुंचने पर अर्लेकर का मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे इससे पहले बिहार और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्य कर चुके हैं। लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं। उन्होंने तमिलनाडु में राज्यपाल पद की जिम्मेदारी अस्थायी रूप से मिली। इसका मतलब यह है कि वह केरल के साथ-साथ तमिलनाडु के राजभवन की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

### कई शीर्ष अधिकारी रहें उपस्थित

तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु, राज्य मंत्री केएन नेहरू, ईवी वेलू, पीके शेखर बाबू और एस रेगूपथी, केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे। चेन्नई स्थित सशस्त्र बलों के प्रमुख, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, भाजपा नेता नैनार नागेंद्रन और तमिलिसाई साउंडराजन सहित कई व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। राज्यपाल की पत्नी अनाघा अर्लेकर भी मंच पर मौजूद थीं। स्टालिन ने राज्यपाल से अपने मंत्रिपरिषद का परिचय कराया। इसके साथ ही तमिलनाडु पुलिस ने अर्लेकर को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

---

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव, दो चरणों में हो सकता है मतदान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को इस बात के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीखों और चरणों पर अंतिम मुहर नई दिल्ली में होने वाली अगली बैठक के बाद लगेगी। राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों के लिए मतदान प्रक्रिया अगले महीने से शुरू होने की उम्मीद है। कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बैठक में राज्य के ज्यादातर राजनीतिक दलों ने अपनी राय रखी थी। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर लगभग सभी पार्टियों ने चुनाव एक या दो चरणों में ही कराने की अपील की थी। सुरक्षा एजेंसियों और अन्य अधिकारियों ने भी इसी तरह के सुझाव दिए हैं। चुनाव आयोग का मानना है कि दो चरणों में मतदान कराने से चुनावी हिंसा पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलेगी। इससे गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों को एक इलाके से दूसरे इलाके में जाने का मौका नहीं मिलेगा। जब अधिकारी से पूछा गया कि क्या चुनाव एक ही चरण में हो सकते हैं, तो उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि 2024 में महाराष्ट्र की 288 सीटों पर एक ही दिन में वोट डाले गए थे। बंगाल में भी एक चरण में चुनाव कराना असंभव नहीं है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है। चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना आयोग के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

---

# **अविश्वास प्रस्ताव पर ओम बिरला:** लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका, नियम सबसे ऊपर

- ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों। ओम बिरला ने बताया कि सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा 'यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है।

### हर सदस्य का आभारी हूं: ओम बिरला

उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है। यह आसन किसी व्यक्ति का नहीं है, यह लोकतंत्र की महान भावना का प्रतिनिधि है।

### 'नियमों के तहत बोलने का अधिकार'

ओम बिरला ने विपक्ष की शिकायतों का भी जवाब दिया। कुछ सदस्यों का कहना था कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोका जाता है। इस पर उन्होंने कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई भी हो, उसे सदन में नियमों के तहत बोलने का अधिकार है। कुछ लोगों का मानना था कि सदन के नेता हर नियम से ऊपर हैं। मैं साफ कर दूं कि ऐसा नहीं है। ये नियम मुझे विरासत में मिले हैं और इन्हें पालन करना अनिवार्य है। चाहे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों, नियम 372 के तहत उन्हें पहले अध्यक्ष से अनुमति लेना अनिवार्य है। जब कोई सदस्य इस सदन की मर्यादा के खिलाफ जाते हैं तो मुझे कठोर निर्णय लेने की व्यवस्था देनी पड़ती है। नियमों के तहत किसी भी सदस्य को सदन में बोलने की आजादी तो है, लेकिन नियमों की सीमा में रहकर। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने माइक बंद करने का आरोप लगाया। चेयर के पास माइक बंद करने का बटन नहीं होता। विपक्ष में कई लोग इस चेयर पर बैठते हैं, उन्हें इसके बारे में पता है।

### सभी महिला सदस्यों ने अपनी बात रखी

ओम बिरला ने कहा कि महिला सदस्यों को लेकर भी आरोप लगाया गया कि उन्हें मौका कम दिया जाता है। लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मेरे कार्यकाल में सभी महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। बजट पर चर्चा के दौरान कुछ महिला सदस्यों ने ट्रेजरी बेंच की तरफ जाकर नारेबाजी करने की कोशिश की। यह अप्रत्याशित घटना थी, इसलिए मैंने सदन में सत्ता पक्ष के नेता को सदन में न आने का आग्रह किया। मेरी कोशिश रहती है कि भले ही देर रात तक बैठना हो, मैं सबके बोलने के बाद ही सदन से जाता हूं। मुझे खुशी है कि जो भी सदन में बोलना चाहता था, उसे एक साल के अंदर ही मैंने बोलने का मौका दिया। निलंबन का विषय भी कुछ सदस्यों ने उठाया है। मेरा दल से ऊपर उठकर सभी सदस्यों से व्यक्तिगत संबंध आज भी है। लेकिन सदन की व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी मेरी है। हमें विचार करना होगा कि इस सदन को निलंबन जैसे कठोर निर्णय क्यों लेने पड़े। मैं अक्सर आग्रह करता हूं कि सदन की गरिमा बनी रहे। लेकिन जब सदन के सदस्य नहीं मानते, तो सदन स्थगित करना पड़ता है।